सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80148.88 |
| निफ्टी | 24413.50 |
| सोना 70,850 | चांदी 87,887 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




जाह्नवी ने 'शौकन' गाने पर किए किलर डांस मूव्स
पृष्ठ 4 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 25 जुलाई 2024 | 10 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 218, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# नेपाल में टेक ऑफ के बाद प्लेन क्रैश, 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ हादसा, सिर्फ पायलट ही बच पाया

**एजेंसी, काठमांडू**

**नेपाल** के काठमांडू में बुधवार सुबह त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान के क्रैश होने से 18 लोगों की मौत हो गई। 19 यात्रियों को काठमांडू से पोखरा ले जा रहा सौर्य एयरलाइंस का विमान टेक ऑफ के तुरंत बाद ही हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। इस विमान में कुल 19 लोग सवार थे, जिसमें से एक पायलट को ही बचाया जा सका है।

अधिकारियों ने बताया कि सौर्य एयरलाइंस के विमान का पायलट हादसे में घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटनास्थल के फुटेज में विमान आग लगने से पहले तेजी से रनवे पर दौड़ता दिखाई दे रहा है। आग लगने के बाद उसके मलबे से काला धुआं उठता दिखाई दे रहा है। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने कहा कि यह हादसा रनवे पर गड़बड़ी के कारण हुआ।



नेपाल में बुधवार को त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास टेक ऑफ के बाद क्रैश हुए विमान का गिरा मलबा।

### एक ही परिवार के तीन लोगों की गई जान

**दुर्घटनाग्रस्त** विमान में फ्लाइट मेंटेनेंस स्टाफ मनुराज शर्मा अपनी पत्नी प्रिजा खतिवडा और चार साल के बेटे अधिराज शर्मा के साथ यात्रा कर रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई है। वहीं, 37 वर्षीय कैप्टन एमआर शाक्य की जान बच गई है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### 2023 में भी हुआ था बड़ा विमान हादसा, 72 लोगों की गई थी जान

**नेपाल** में 2023 में भी बड़ा विमान हादसा हुआ था। इस हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे। जांच में पता चला था कि यति एयरलाइंस का हादसा पायलट की गलती से हुआ था, जब विमान के पायलट ने गलती से पावर कट कर दिया था, जिससे विमान हादसे का शिकार हो गया।

# जेओए आईटी का रिजल्ट जल्द होगा जारी: सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया हो चुकी है पूरी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 का भर्ती परिणाम जल्द जारी कर दिया जाएगा। बुधवार को राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार ने परिणाम घोषित करने का फैसला लिया है।

डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। राज्य चयन आयोग को परिणाम जल्द घोषित करने के निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यर्थी हड़ताल पर बैठें या नहीं, इनके रिजल्ट घोषित होना तय हैं। इन दिनों हमीरपुर के पक्का भरो स्थित राज्य चयन आयोग कार्यालय के बाहर बीते छह दिन से कई अभ्यर्थी क्रमिक अनशन पर बैठे हैं।

**चयन आयोग को रिजल्ट जल्द घोषित करने के दिए जाएंगे निर्देश**



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

उनका कहना है कि जब तक उनके रिजल्ट घोषित नहीं हो जाते, वे अपना अनशन खत्म नहीं करेंगे।

गौर रहे कि जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थी विगत चार साल से रिजल्ट निकलने का इंतजार कर रहे हैं। इनके 1,867 पद साल 2020 में विज्ञापित किए गए थे। यह मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी हिमाचल सरकार को जल्दी रिजल्ट घोषित करने के आदेश दिए हैं। सीएम ने कहा कि बीते सप्ताह की कैबिनेट बैठक में परिणाम घोषित करने की मंजूरी दी है। 1.70 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। करीब 19 हजार ने परीक्षा पास की। करीब 5,600 अभ्यर्थियों ने टाइपिंग टेस्ट भी पास किया है। ये अभ्यर्थी रिजल्ट निकालने की मांग को लेकर कई बार सीएम और मंत्रियों से मिल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार की आज होगी कैबिनेट मीटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सुक्खू** सरकार की वीरवार को कैबिनेट बैठक होगी। प्रदेश में हुए उपचुनाव के बाद की यह कैबिनेट काफी अहम मानी जा रही है। कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले हो सकते हैं। मीटिंग में नौकरियों का पिटारा खुल सकता है। वहीं, जेओए आईटी सहित कई मुद्दों पर प्रदेश सरकार फैसला ले सकती है। इसके अलावा सरकार कर्मचारियों, दृष्टिबाधित की लंबित मांगों सहित कई अन्य मुद्दों पर पर फैसला लिया जा सकता है।



## न्यूज शॉर्ट्स

### बिहार में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

**पटना।** बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास हो गया है। अब पेपर लीक केस में शामिल आरोपियों पर नॉन बेलेबल धाराएं लगाई जाएंगी। तीन से 10 साल तक की सजा और 10 लाख से एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगेगा। यह कानून बिहार सरकार की ओर से ली जाने वाली सारी परीक्षाओं पर लागू होगा। दरअसल, बिहार सरकार पेपर लीक को घोषित करने जा रही है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है।

### सिंघवी की याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के चुनावी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई होगी। प्रदेश की राज्यसभा सीट से कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी यह चुनाव हर्ष महाजन से हार गए थे। सिंघवी ने इस चुनावी जीत के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### महाराष्ट्र के सांगली जिले में आया भूकंप

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में चंदोली सिंचाई बांध क्षेत्रों में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप बुधवार सुबह 4:47 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.0 रिक्टर मापी गई। भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की नहीं है और सिंचाई बांध को भी कोई खतरा नहीं है।



### हिमाचल के 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल के चंबा सहित कई जिलों में बुधवार को बारिश हुई है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के पांच जिलों में 30 जुलाई तक चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला व सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात बैजनाथ में 85.0, पालमपुर 25.2, जोगिंद्रनगर 18.0, धर्मशाला 10.4, पांवटा साहिब 7.6, सैंज 7.5, काहू 7.5, कसौली 7.4 व शिमला में 5.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।



### गुजरात में इमारत ढही तीन की मौत, 5 बचाए

**अहमदाबाद।** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में भारी बारिश के कारण देवभूमि द्वारका जिले के जाम खंभालिया शहर में तीन मंजिला इमारत ढहने से बुजुर्ग महिला और उसके परिवार की दो बच्चियों की मौत हो गई। तीन लोगों के शव बरामद किए गए, जबकि पांच लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- घुमारवीं में प्रशासन की सुस्ती से बिगड़ी कानून-व्यवस्था: गर्ग -पेज 2
- तीन साल एक ही जगह पर डटे अफसरों के होंगे तबादले -पेज 3
- ऊना जिले में लागू होगा ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम -पेज 10
- चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले -पेज 13
- फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी सौंपी -पेज 14


### सुप्रीम कोर्ट का शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश, समिति गठित होगी

# अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। शंभू बॉर्डर पर किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने एक स्वतंत्र समिति गठित करने का आदेश दिया। यह समिति किसानों और अन्य हितधारकों से संपर्क कर उनकी मांगों का व्यवहारिक समाधान निकालेगी, जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और सभी के हित में हो। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे-1 पर शंभू बॉर्डर को एक सप्ताह में खोलने का आदेश दिया था। 24 जुलाई को शंभू बॉर्डर को खोला जाना था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। हरियाणा सरकार ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। हरियाणा हाईकोर्ट पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी।

### पंजाब और हरियाणा से समिति के लिए नामों का सुझाव मांगा

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रतिष्ठित लोगों की एक समिति बनाने का प्रस्ताव दिया है। यह समिति किसानों और अन्य हितधारकों से मिलकर उनकी बात सुनेगी और ऐसा व्यवहारिक समाधान खोजेगी, जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और सभी के हित में हो। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को स्वतंत्र समिति के लिए सदस्यों के नाम सुझाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।

# कुपवाड़ा में मुठभेड़; एक आतंकी ढेर, जवान शहीद

## सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा, आतंकियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के त्रिमुखा टॉप में मंगलवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। सेना का एक जवान भी शहीद हो गया।



सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। भारतीय सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा के कोवुत में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23 जुलाई को सर्च ऑपरेशन चलाया। बुधवार सुबह जवानों ने संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। सेना का एक जवान घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सेना के अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर स्थित कृष्णा घाटी के बट्टल में मंगलवार तड़के सुरक्षाबलों ने सीमापार से घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया। गोलीबारी में सेना का एक जवान शहीद हो गया। शहीद जवान लांस नायक सुभाष चंद्र उत्तर प्रदेश के नागमनी गांव का रहने वाला था। (अनंत ज्ञान)

### पठानकोट में दिखे सात संदिग्ध, जंगल को भागे

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में मंगलवार देर रात फागतोली गांव में सात संदिग्ध देखे गए। एक संदिग्ध का स्केच जारी किया गया है। संदिग्धों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। फागतोली गांव की रहने वाली सीमा देवी ने बताया कि कुछ लोग जंगल से आकर उनके घर में घुस आए और पानी पीने के बाद फिर से जंगल में घुस गए। डीएसपी समीर सिंह मान ने कहा कि 7 संदिग्धों की सूचना मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया है।

### गृह मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला

# अग्निवीरों को मिलेगा बीएसएफ और सीआईएसएफ में 10 फीसदी आरक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों बीएसएफ और सीआईएसएफ में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह बड़ा फैसला लिया है।



**आयु सीमा में भी छूट**

बीएसएफ महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि अग्निवीर 4 साल मशक्कत करके तैयार होते हैं। इन्हें लेना ऐसे ही है कि जैसे हमें तैयार सैनिक मिल रहे हों। अग्निवीर योजना का सभी बलों को लाभ मिलेगा। थोड़ी सी ट्रेनिंग के बाद ही इन्हें मोर्चे पर तैनात किया जा सकेगा। बीएसएफ ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों के लिए हम 10 फीसदी आरक्षण देंगे और उन्हें आयु सीमा में भी रियायत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम तो अग्निवीरों का इंतजार कर रहे हैं। अग्निवीरों के पहले बैच को 5 साल की छूट आयु सीमा में मिलेगी। इसके बाद वाले बैचों को 3 साल की रियायत दी जाएगी। बीएसएफ की तरह ही सीआईएसएफ पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्त करने के लिए तैयार है।

# भारत को मिला बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह का टर्मिनल

**एजेंसी, ढाका**

**भारत** ने हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच एक बड़ी जीत हासिल की है। भारत ने बांग्लादेश के साथ मोंगला बंदरगाह के टर्मिनल के ऑपरेशन की डील कर ली है। यह डील ऐसे समय में फाइनल हुई है, जब पिछले महीने ही बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत दौरे पर आई थीं।

भारत की इस डील को हिंद महासागर में चीन को काउंटर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। चीन भी इस बंदरगाह पर अपनी नजर बनाए हुए था। मोंगला बंदरगाह, चिटगोंग बंदरगाह के बाद बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है। यह तीसरा विदेशी बंदरगाह होगा, जिसके ऑपरेशन की जिम्मेदारी भारत के पास होगी।



**इस साल भारत की तीसरी बंदरगाह डील**

इससे पहले भारत ने इस साल म्यांमार के साथ स्वात्ते बंदरगाह और ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह की डील साइन की है। मोंगला बंदरगाह डील से जुड़ी जानकारियां अभी सामने आनी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस टर्मिनल का संचालन इंडिया बंदरगाह ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) की ओर से किया जाएगा।


मोबाईल रिपेयर कोर्स करें
और अपना करियर बनाएं केवल 3 महीनें में
MOBILE PHONE
i PHONE
Other Courses
LAPTOP
DESKTOP





Certified Courses
Qualified Faculty
80% Practical
Advanced Chip Level
Start-up Assistance & Guidence
Free DEMO Class
LEGACY 31 YEARS Since 1993
HItech SINCE 1993
FREE Toolkit, Software Package Latest Repairing Tips
MOB : 97798-80775
SCO 96-97, SECTOR 34-A, CHANDIGARH

For Best Placement & Research Oriented University in Himachal Pradesh.
SRI SAI UNIVERSITY
PALAMPUR (HP)
SSU SRI SAI UNIVERSITY PALAMPUR Transforming Dreams into Reality
ADMISSIONS OPEN
Innovative Courses with IBM
IBM Innovation Centre for Education
COURSES UG PG Ph.D
www. srisaiuniversity.org
97365-01261, 94170-50602

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल में गैस सिलेंडर की हो रही अनावश्यक बुकिंग

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गैस एजेंसी द्वारा घरेलु उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर भरवाने के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधा का कुछ उपभोक्ता गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत एक नंबर पर मिस्ड कॉल कर गैस सिलेंडर भरवाने की बुकिंग की जाती है। पिछले कुछ दिनों से यह देखने में आ रहा है कि कुछ उपभोक्ता अनावश्यक रूप से इस नंबर पर कॉल कर सिलेंडर की बुकिंग तो करवा रहे है, परंतु इसके बाद वह सिलेंडर नहीं भरवाते हैं, जिस वजह से एजेंसी को परेशानी तो हो ही रही और अतिरिक्त भाड़ा भी अदा करना पड़ रहा है। एजेंसी इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को 8454955555 नंबर पर मिस्ड काल से गैस सिलेंडर भरवाने के लिए की सुविधा प्रदान की गई है, परंतु कई उपभोक्ता अनावश्यक रूप से मिस्ड काल कर रहे हैं। मिस्ड कॉल आने पर ऑन लाइन बुकिंग हो जाती है, जिसे एजेंसी कैंसिल नहीं कर सकती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि सिलेंडर भरवाने पर मिस्ड कॉल करें एवं अनावश्यक कॉल करने से बचें। (अनंत ज्ञान)

### अब 30 सितंबर तक करवा सकेंगे ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में जिन लोगों की ई-केवाईसी नहीं हुई है वे 30 सितंबर तक ई केवाईसी करवा सकते हैं। हिमाचल में डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी करवाई जा रही है, जिसके लिए पिछले कई महीनों से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन बार-बार मौका देने पर भी अभी तक राशन कार्ड में दर्ज 16,35,735 सदस्यों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है। ऐसे में इन लोगों के पास 30 सितंबर तक ई-केवाईसी कराने का अवसर है। अगर इस अवधि तक भी राशन कार्ड धारक इस अवसर का लाभ नहीं उठाते हैं तो ऐसे उपभोक्ताओं को सस्ते राशन की सुविधा से हाथ धोना पड़ सकता है।

### नदी में कचरा फेंकते ढाबा मालिकों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** नगर परिषद रोहडू ने स्वच्छता और साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी पियूष चौहान ने बाजार क्षेत्र में रात के समय गश्त करते हुए कई ढाबा मालिकों को शिकडी नदी में कचरा फेंकते हुए पकड़ा। इसके अलावा कुछ ढाबा मालिकों ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कूड़ेदान में नहीं रखा था। कार्यकारी अधिकारी के निर्देशानुसार सफाई पर्यवेक्षक मनोज चौहान ने बाजार में पकड़े गए शरारती तत्वों के चालान किए। पियूष चौहान ने बताया कि कुछ लोग जो सड़क के किनारे कचरा फेंकते हुए पाए गए हैं उनका भी चालान नगर परिषद ने किया है। इस कदम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, ताकि सभी नागरिक एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रह सकें।

### शराचली में शिव महापुराण कथा आज से

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** उपमंडल जुब्बल के तहत शराचली क्षेत्र के आराध्य देवता बनाड़, क्यांलू महाराज व देशमौलिया महाराज के सानिध्य में शिव महापुराण कथा 25 जुलाई, वीरवार से शुरू होगी। 11 दिन तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में शिवपुराण कथा वाचक आचार्य श्री हरी जी महाराज ब्यास गद्दी को सुशोभित कर ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे। कार्यक्रम का आगाज कलश यात्रा के साथ होगा। मंदिर प्रबंधन समिति देवता बनाड़, क्यांलू व देशमौलिया शुराचली के अध्यक्ष व अन्य ने लोगों से इस महाशिवपुराण कथा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### नेशनल हाईवे अथॉरिटी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** परवाणु-केथलीघाट से ढली फोरलेन के मुद्दे पर अधिगृहित की जा रही भूमि तथा इससे जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर पुजारली एवं मैहली पंचायतों 47 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर के नेतृत्व मे नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी अब्दुल बसीट तथा परियोजना अधिकारी आनंद कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों पर सर्वोच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तंवर ने बताया कि अधिकारियों के साथ प्रतिनिधिमंडल की हर मांग पर विस्तार से चर्चा हुई। जिस पर अधिकारियों ने 15 दिनों के अंदर इस गंभीर मुददे पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्चाधिकारी के नेतृत्व में टीम भेजकर आकलन करने व मौके पर निपटारा करने का अश्वासन दिया।

# शिमला में दृष्टिहीनों का चक्का जाम

## सचिवालय के बाहर पुलिस से हाथापाई, यातायात बाधित

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला में धरने पर बैठे दृष्टिहीन संघ ने बुधवार को सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। वहीं, सचिवालय के बाहर चक्का जाम के दौरान हाथापाई हो गई। इस दौरान पुलिस ने दृष्टिहीनों को सड़क से उठाने का प्रयास किया, जिसमें थोड़ी हाथापाई भी हुई। दृष्टिहीन संघ विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिहीन कोटे की बैकलॉग पदों को एकमुश्त भरने की मांग कर रहे हैं।

सरकार से कई बार वार्ता भी हुई, लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम नहीं आए जिसके चलते दृष्टिहीन संघ ने चक्का जाम किया। 274 दिन से दृष्टिबाधित विरोध जता रहे है।

दृष्टिहीन संघ के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि लंबे अरसे से दृष्टिहीन कोटे के विभिन्न विभागों में पद खाली चल रहे हैं, लेकिन सरकार इसमें भर्तियां नहीं कर रही है। दृष्टिहीन संघ एकमुश्त बैक लॉग की भर्तियों की मांग कर रहा है। पिछली बैठक में सरकार ने 174 खाली पद बताए थे, लेकिन अब चुनाव की आचार संहिता हटने पर 174 पद गायब हो गए हैं। सरकार ने अगर दृष्टिहीन के खाली पड़े पदों को नहीं भरा तो दृष्टिहीन संघ एक से लेकर 15 अगस्त तक लगातार चक्का जाम करेगा। (अनंत ज्ञान)






शिमला में धरने पर बैठे दृष्टिहीन तथा (इनसेट) धरने को हटाती पुलिस।

# गाडागुसैन कॉलेज भवन चढ़ा राजनीतिक भ्रष्टाचार की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एसएफआई गाडागुसैन कॉलेज इकाई की बुधवार को एक बैठक हुई, जिसमें एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर मौजूद रहे। एसएफआई गाडागुसैन इकाई की बैठक में गाडागुसैन कॉलेज के भवन निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एसएफआई गाडागुसैन कॉलेज के अध्यक्ष डोला सिंह व सचिव नीतू ने कहा कि गाडागुसैन कॉलेज के भवन निर्माण को 10 साल हो चुके है, लेकिन अभी तक एक कमरा तक तैयार नहीं हुआ है।

उल्ट ठेकेदार काम छोड़ कर भाग गए हैं। ऐसे साफ झलकता है की स्थानीय विधायक सुरेंद्र सिंह शौरी की अनदेखी साफ तौर पर दिखती है। पिछली सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के कार्यकाल में इस तरह की अनदेखी इस भवन निर्माण को लेकर हुई है जो बहुत ही निंदनीय है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में कालेज के बजट का सही से इस्तेमाल न होना व ठेकेदार और स्थानीय विधायक की मिली भगत के चलते इस तरह का रवैया भवन निर्माण को लेकर रहा है।


एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर पिछली सरकार के रहते संस्थानों के निमार्ण को लेकर भरी भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन देखने को मिला है। अनिल ठाकुर ने कहा कि गाडागुसैन कॉलेज भवन भी राजनीतिक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जिसके चलते कुल्लू और मंडी के दुर्गम क्षेत्र के छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे साफ झलकता है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम व भाजपा विधायक शौरी इलाके के लोगों से कोई सरोकार नहीं रखते है।

देश के दुर्गम इलाकों के छात्रों को सुविधा से महरूम रखा जा रहा है। वर्तमान सरकार भी इस कॉलेज के भवन निर्माण को अनदेखा करती जा रही है। एसएफआई ने साफ तौर पर प्रदेश की सुक्खू को चेताया है कि अगर गाडागुसैन कॉलेज भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया तो एसएफआई सभी छात्रों को लामबंद करते हुए उग्र आंदोलन करेगी।

# मुख्यमंत्री का नीति आयोग का बहिष्कार करना निंदनीय: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री पर हमलावार होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का बयान की वह नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे यह हिमाचल के हितों के साथ कठोर घात है।



बिंदल के कहा कि नीति आयोग वह संस्था है जिसके अंदर आने वाले समय के अंतर्गत हिमाचल को मिलने वाली सहायता का निर्णय होता है। ऐसे में मुख्यमंत्री द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करना और वह भी तब जब लगातार हिमाचल प्रदेश को केंद्र की पीएम नरेंद्र मोदी सरकार हजारों-करोड़ों रुपए की सहायता निरंतर उपलब्ध करवा रही है।

उन्होंने कहा कि जिस तेज गति के साथ प्रदेश में फोर लेन, कई टनल के निर्माण आदि के काम को जो सहायता मिलती है, वह सदैव से बढ़कर है। इसी प्रकार एक दिन पहले ही संसद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि आपदा की दृष्टि से विशेष सहायता हिमाचल प्रदेश को दी जाएगी। 2000 करोड़ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का दिया गया और अब पुन: लगभग 1000 करोड़ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास आए हैं और ऐसे समय पर नीति आयोग का बहिष्कार करने हिमाचल के हितों के साथ कठोर घात करने का काम मुख्यमंत्री कर रहे है। भाजपा इसकी निंदा भी करती है और सुझाव भी देती है की इस प्रकार का काम न करें।

# समावेशी, दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी व सर्वग्राही है आम बजट : चेतन

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने आम बजट को ऐतिहासिक, दूरदर्शी, समावेशी, सर्वस्पर्शी व सर्वग्राही बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देशवासियों की आकांक्षाओं को साकार करेगा व देश को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। बीते वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए विशेष सहायता पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस विशेष पैकेज के माध्यम से प्रदेश में आपदाओं से होने वाली क्षति राज्य के विकास की गति को बाधित नहीं कर सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकसित भारत के लिए नौ प्राथमिकताओं को बजट में शामिल किया है, जो भारत के समग्र विकास को सशक्त करने में कारगर साबित होगी। यह बजट आम आदमी के जीवन में खुशहाली लाने का काम करेगा। चेतन ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत के लिए केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को और अधिक मजबूती मिलेगी। नई कर प्रणाली से सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों को राहत मिलेगी। चेतन ने कहा कि बजट में पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया गया है। इससे प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



# वित्त मंत्री ने बजट में कर्मचारियों को किया निराश : विपन डोगरा

**दशमी रावत, रोहडू**

केंद्रीय बजट ने सरकारी कर्मचारियों को एक बार फिर से निराश किया है। एनपीएस का नाम तो वित्त मंत्री ने लिया, लेकिन इतना कहकर कर्मचारियों को निराश किया है कि एनपीएस में जरूरी सुधार जारी रहेंगे। वित्तमंत्री ने नेशनल काउंसिल जेसीएम का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने बहुत ही सकारात्मक दायित्व का निर्वह्न किया है।

सभी जानते हैं कि लाल झंडा और इंटक का नेशनल कॉउंसिल जेसीएम में आधिपत्य है। इस प्रकार शायद अभी तक के किसी वित्त मंत्री ने इन संगठनों के प्रति इस प्रकार आभार व्यक्त नहीं किया होगा। इससे जेसीएम का भंडा फोड़ हुआ है। बजट में आठवें वेतन आयोग के मामले को भी टाल दिया गया है। जिस कारण कर्मचारी वर्ग में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। बजट में रोजगार के संबंध में घोषणा हुई है कि बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए 6000 रुपए मिलेंगे। लोगों को रोजगार मिले यह बहुत अच्छी बात हो सकती है लेकिन 20 लाख से अधिक सरकारी विभागों में जो रिक्त स्थान है उनके बारे में वित्त मंत्री ने चुप्पी साधने का काम किया है, जो उचित नहीं है। आयकर में कुछ छूट अवश्य मिली है, लेकिन 3 लाख से करमुक्त आय की सीमा 8 लाख तक की जानी चाहिए थी।

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा ने केंद्र सरकार व वित्त मंत्री से शीघ्र अपना आश्वासन पूर्ण कर पुरानी पेंशन व अंतिम वेतन का 50 फीसदी गारंटीड पेंशन देने व शीघ्र 8 वें वेतन आयोग का गठन करने की पुरजोर मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### बेलग, कोठी व आसपास कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 26 जुलाई को बिलासपुर जिला के विभिन्न स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ई. रविंद्र चौधरी ने बताया कि 26 जुलाई को पेड़ों की कांट-छांट व आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बेलग, कोठी, बडीधार, डीहर, बेहना-जटटा, कल्लर, तन्यूर स्थानों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

### बिलासपुर कॉलेज के बाहर पड़े मलबे को हटाया




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आपदा प्रबंधन कमेटी के निर्देश में महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर बरसात के कारण एकत्रित हुए मलबे को एनसीसी नेवल विंग, एनएसएस और रोवर रेंजर्स के स्वयंसेवियों ने साफ करके इस क्षेत्र को संवारने का कार्य किया। जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन कमेटी के संयोजक प्रो. सरवन कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर भारी बारिश के कारण मलबा इक्कठा होने से आवागमन करने वाले वाहनों एवं यात्रियों को खतरे का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को भांपते हुए बुधवार प्रातः महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने आपातकालीन बैठक बुलाई और कहा कि बरसात के कारण महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर मलबा इक्कठा हो गया है और यह किसी अप्रिय घटना का कारण बन सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवागमन करने वाले पद यात्रियों, वाहनों और विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन कमेटी को निर्देशित किया कि वे इस स्थान का निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार कार्य करें। इसके पश्चात आपदा प्रबंधन कमेटी ने तुरंत प्रभाव से एनसीसी नेवल विंग, एनएसएस और रोवर रेंजर्स वॉलिंटियर्स के द्वारा इस क्षेत्र को संवारा गया।

### डॉ. अशोक ने मलेशिया में ट्रांसप्लांट सर्जरी पर दी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** ट्राइसिटी के प्रसिद्ध डॉ. अशोक शर्मा के कॉर्निया सेंटर के निदेशक डॉ. अशोक शर्मा ने 11 से 13 जुलाई को मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 5वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ पीडियाट्रिक ऑफ्थल्मोलॉजी एंड स्ट्रैबिस्मस सम्मेलन में शिशुओं और बच्चों में कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सर्जरी पर प्रस्तुति देकर न केवल नयना देवी विधानसभा क्षेत्र का बल्कि, देश का नाम रोशन किया। प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अशोक शर्मा नयना देवी में पत्रकारों के साथ एक वार्ता में बताया कि प्रस्तुत शोध से विदेशी चिकित्सक प्रभावित हुए। डॉ. अशोक शर्मा चंडीगढ़ में एक अग्रणी कॉर्नियल सर्जन हैं।



### सरकारी खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बिलासपुर जिला में खेलकूद प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी हो गया है। इसके तहत खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 26 से लेकर 28 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी, जबकि सितंबर माह में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। यह जानकारी उप निदेशक उच्च शिक्षा राजकुमार शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि खेल कैलेंडर के तहत अंडर.19 छात्रों की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 26 अगस्त से 28 अगस्त तक विभिन्न खंडों में आयोजित की जाएगी, जिसमें भराड़ी खंड की खेलकूद प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुमेहर में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा घुमारवीं खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर, झंडूता खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता, बरठीं खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलियां, जुखाला खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजगाईं, सदर खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्हबुरानी, स्वारघाट खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्वाहण, बस्सी खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लखनु में आयोजित की जाएंगी, जबकि उच्च पाठशाला घुमारवीं-झंडूता खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय उच्च पाठशाला मलांगण व सदरस्वारघाट खंड की प्रतियोगिताएं राजकीय उच्च पाठशाला घ्याल में 26 से 28 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

# बिलासपुर शहर में रात को खाकी का पहरा

## रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस जवान तैनात

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में अब रात्रि के समय में भी पुलिस के जवान दिखाई देंगे। यह जवान बिलासपुर शहर सहित जिला के विभिन्न स्थानों पर पूरी गश्त करके आपके एरिया की पूरी रक्षा और सुरक्षा रखेंगे। इसके लिए बिलासपुर पुलिस ने पूरा प्लान तैयार करके पुलिस जवान रात्रि फील्ड में उतार दिए हैं, जो रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक पूरी गश्त करते हुए नजर आएंगे। बिलासपुर शहर में शांतिप्रिय माहौल और किसी भी प्रकार की रात्रि को चोरी, डकैती जैसी घटनाएं न हो, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है।

खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी प्लानिंग के साथ रात्रि गश्त तेज की है। रात्रि गश्त के दौरान यह पुलिस जवान अपने एरिया की पल-पल की अपडेट व्हाट्सऐप के माध्यम से संबंधित चौकी व थाना के अधिकारियों को देते रहेंगे। यहीं नहीं, अब कितने बजे कहां पर है और उस एरिया का क्या माहौल है, उसका चित्र सहित अपडेट ग्रुप में देना होगा। साथ ही समय-समय पर लोकेशन भी देखी जाएगी।

एएसपी का कहना है कि वह रात्रि के समय स्वयं रात्रि गश्त पर जा रहे हैं। वहीं, रात्रि गश्त के दौरान मौजूद पुलिस कर्मचारियों से सारा अपडेट भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर के साथ-साथ किरतपुर-नेरचौक फोरलेन एरिया पर भी रात्रि गश्त तेज की है। रात्रि के समय इस फोरलेन पर भी पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो पूरे बिलासपुर जिला के फोरलेन का विजिट करके पूरा अपडेट दे रहे हैं। उन्होंने बिलासपुर शहर व जिला वासियों से भी आग्रह किया है कि अगर रात्रि के समय कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी पुलिस चैकी या फिर पुलिस नंबर 100 पर दें।

पुलिस अधिकारियों की मानें तो बिलासपुर शहर सहित जिला में कुछ समय से काफी अप्रिय घटनाएं सामने आई है, जिसमें चाहे फिर गोलीकांड हो या फिर मर्डर या फिर चोरी डकैती। इस तरह की घटनाओं ने बिलासपुर जिलावासियों के भयभीत करके रख दिया है। ऐसे में बिलासपुर में शांतिप्रिय माहौल बना रहे, इसके लिए बिलासपुर पुलिस ने यह निर्णय लिया है और इस प्लानिंक के साथ कार्य शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



- फोरलेन एरिया पर भी पुलिस की रात्रि गश्त
- मोबाइल से थानों में पल पल की दी जा रही अपडेट

### जिले में बढ़ रही हैं चोरी की वारदातें

**बता** दें कि बिलासपुर शहर व जिला में कुछ दिनों के भीतर चोरी की वारदातें अधिक बढ़ रही हैं। आए दिन जिला के विभिन्न स्थानों से चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में अब देखना यह होगा कि इस तरह की चोरी की वारदातों पर पुलिस की रात्रि गश्त प्लानिंग कितनी कारगार सिद्ध होगी।



> बिलासपुर शहर व जिला में पुलिस रात्रि गश्त बढ़ाई गई है। रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक पुलिस जवान गश्त पर रह रहे हैं। साथ ही हर पल की अपडेट भी व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से दे रहे हैं। बिलासपुर शहर में शांतिप्रिय माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस दिन-रात कार्यरत हैं।
>
> **- शिव कुमार चौधरी, एएसपी बिलासपुर।**

# प्रदेश टीजीटी कंफेडरेशन के बैनर तले निदेशक को सौंपा ज्ञापन



उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा को ज्ञापन सौंपता हुआ विभिन्न शिक्षक संघों का प्रतिनिधिमंडल।

**बलवंत कमल, दधोल**

हिमाचल प्रदेश टीजीटी कंफेडरेशन के बैनर तले हिमाचल प्रदेश प्रिंसिपल-हेडमास्टर कैडर एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ, हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन का एक प्रदेश प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा की अध्यक्षता में निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत शर्मा से मिला।

संघ ने एक मांग पत्र निदेशक को सौंपा। इसमें मुख्याध्याकों व प्रवक्ताओं से प्रधानाचार्य पदोन्नति कोटे में किसी प्रकार का बदलाव न करना, प्रधानाचार्य की खाली पदों को शीघ्र पदोन्नति द्वारा भरना मुख्य अध्यापकों की पदोन्नति सूची जल्दी से निकालने व टीजीटी से पीजीटी पदोन्नति के लिए अनुरोध किया गया। इस पर निदेशक ने शीघ्र ही पदोन्नति सूचियों को निकालने का आश्वासन दिया तथा मुख्य अध्यापकों व प्राध्यापकों से प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए पूर्व में निर्धारित 50-50 प्रतिशत कोटे में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के राज्य प्रधान यशपाल रणौत, प्रदेश महासचिव राजीव चंदेल, जिला बिलासपुर के उपप्रधान भंडारी राम, राकेश ठाकुर, साइंस मास्टर एसोसिएशन के राज्य प्रधान चंद्र केश धीमान, उनकी कार्यकारिणी व एचपीएचसीओए के पदाधिकारी प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# घुमारवीं में प्रशासन की सुस्ती से बिगड़ी कानून-व्यवस्था : गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि बिलासपुर जिला में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। उन्होंने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि शासन व प्रशासन की सुस्ती से अपराधियों के हौंसले बुलंद है। अपराधी सरेआम सरकार की कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। दिनों-दिन चोरियों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सडकों पर सरेआम लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। पुलिस को सूचना देने के बावजूद भी घंटों तक कोई कार्रवाई नहीं होती, इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। लचर कानून-व्यवस्था से आमजन सहमे हुए हैं।



गर्ग ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। चुनाव क्षेत्र में चोर लगातार लोगों के घरों में घुसकर हाथ साफ कर रहे हैं। यह एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि आए दिन चोरियों से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भराड़ी व दधोल क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में चोरों ने कई घरों को अपना निशाना बनाया है।

चोर घरों से लाखों रुपए के गहने व जेवरात चुरा कर ले गये हैं। चोरों को कानून का कोई डर नहीं है। इसकी बदौलत चोर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों घुमारवीं शहर के दकड़ी चौक पर दो पक्षों में काफी देर तक लड़ाई-झगड़ा होता रहा। पुलिस को भी सूचित किया, लेकिन महज 100 मीटर दूर थाना होने के बावजूद पुलिस एक घंटे बाद पहुंची। तब तक दोनों पक्षों के बीच काफी मारपीट हो चुकी थी।

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा कि पुलिस को चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गश्त आदि बढ़ानी चाहिए तथा लड़ाई-झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस को वहां पर शीघ्र पहुंचना चाहिए। नहीं तो कई बार यह मारपीट खून-खराबे में तबदील हो जाती है और किसी की जान भी जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

**निर्देश** डीसी ने अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

# न्यूनतम समय में निपटाएं निशानदेही के मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सभी राजस्व अधिकारी जिला में अपने कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए सभी राजस्व अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। यह निर्देश उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बुधवार को जिला मुख्यालय के बचत भवन में राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है।

ई-ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है, बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलता है।



राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी आबिद हुसैन सादिक।

उन्होंने एक माह के भीतर इस संदर्भ में कार्यों की समीक्षा व निगरानी की बात भी कही। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में निशानदेही, तक्सीम, रिकवरी, विस्वा भूमि आवंटन, जमाबंदी, पार्टीशन, न्यायिक मामलों का निपटारा सभी अधिकारी न्यूनतम समय अवधि में पूरा करें, ताकि आम व्यक्ति के समय और धन की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग लोगों के साथ सीधा जुड़ा हुआ है और अधिकारियों को राजस्व कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहिए।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इंतकाल, निशादेही, तकसीम, जमाबंदी आदि के एक वर्ष से अधिक समय लंबित पड़े मामलों को शीघ्रता से निपटाने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को इन मामलों के कार्यों में तेजी लाने के लिए मातहत कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा, जिससे जल्द से जल्द इन मामलों का निपटारा कर जनता को राहत एवं सुविधा प्रदान की जा सके। इन कार्यों में गति प्रदान करने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों से निरंतर निगरानी और समीक्षा भी करें, ताकि निश्चित समय अवधि में यह कार्य पूर्ण किए जा सके सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के प्रति यदि प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो इस दृष्टि से निर्णय लेकर कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित जानी चाहिए।

एडीसी डॉ. निधि पटेल ने भी बैठक में आवश्यक बिंदुओं पर राजस्व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए तथा कार्यों को निपटने के लिए आवश्यक जानकारी भी दी।

# हिमाचल सरकार की ओर से नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करना दुर्भाग्यपूर्ण : जयराम


## राजनीति से प्रेरित फैसलों से प्रदेश का नुकसान कर रहे हैं सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीति से प्रेरित होकर सीएम सुक्खू प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

27 जुलाई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जानी है, जिसमे वित्तमंत्री भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगी। इस बैठक के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदेश के हितों के लिए अधिक से अधिक वित्तीय सहायता और परियोजनाओं को दिए जाने के संबंध में प्रदेश सरकार के सामने अपना पक्ष रख सकती है। इन मांगों पर केंद्र सरकार गंभीरता से विचार करती है।

मुख्यमंत्री द्वारा ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग का राजनीति से प्रेरित होकर बहिष्कार करना प्रदेश के हित में नहीं है। इस तरह की राजनीति हमेशा प्रदेश



कहा-प्रदेश के विकास के मुद्दों को राजनीति से अलग रखना चाहिए

के विकास के लिए हानिकारक होती है। प्रदेश के हितों से समझौता करके राजनीति नहीं की जा सकती है।

नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। मुख्यमंत्री को इस बैठक में शामिल होकर हिमाचल के हितों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहयोग मांगा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के मुद्दों को राजनीति से अलग रखना चाहिए।

कांग्रेस हाई कमान द्वारा नीति आयोग की महत्वपूर्ण मीटिंग को बॉयकॉट करने के निर्देश देना निराशाजनक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस बार के आम बजट में हिमाचल प्रदेश का विशेष ख्याल रखा गया है। आपदा से हुए नुकसान के पुनर्निर्माण के लिए बजट में प्रावधान करने और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे फेज की घोषणा स्वागत योग्य कदम है।

इससे पूरे प्रदेश के लोग लाभान्वित होंगे। बजट में हिमाचल के लिए वित्तीय प्रावधान किए जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार के लिए आभार का एक शब्द भी नहीं कहा गया। इसके अलावा बजट में 1.5 लाख करोड़ रुपए का प्रबंधन किया गया है जो राज्यों को बिना किसी ब्याज के लंबी अवधि के लिए दिया जाएगा।

### दृष्टिबाधित छात्रों से बलप्रयोग की घटना शर्मनाक

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सचिवालय के पास अपनी मांगों को लेकर सचिवालय जा रहे दृष्टिबाधित छात्रों से बलप्रयोग किए जाने की घटना को अत्यंत शर्मनाक बताया। दृष्टिबाधित छात्रों के साथ बलप्रयोग बताता है कि सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से सचिवालय जाना क्या अपराध हो गया है?

जो इस तरह के बल प्रयोग की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में न्याय की बात करते हैं, लेकिन हिमाचल में हर वर्ग के साथ हो रहे अन्याय पर अपनी आंखें मूंद ली हैं। आज हिमाचल में गरीब, युवा, नारी शक्ति, किसान, बागवान और दिव्यांगों के साथ हद से ज्यादा ज्यादती हो रही है, लेकिन कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मुख्यमंत्री की कारगुजारी पर पूरी तरह से मौन है।

## बजट युवा भारत को मजबूत बनाने वाला: हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्रीय बजट युवा भारत को और ज्यादा मजबूत बनाने वाला बजट है। बजट में सरकार ने गरीबों को रहात देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा।



उन्होंने कहा कि बजट में सरकारी की नौ प्राथमिकताएं हैं, पहली खेती में उत्पादकता, दूसरी रोजगार और क्षमता विकास, तीसरी समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, चौथी विनिर्माण और सेवाएं, पांचवी शहरी विकास, छठी ऊर्जा सुरक्षा, सातवी अधोसरंचना, आठवीं नवाचार, शोध और विकास और 9वीं अगली पीढ़ी के सुधार।

फॉर्मल सेक्टर में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा।

# सेब सीजन : बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को विशेष पथ कर से छूट : उपमुख्यमंत्री

रविंद्र जस्टा, शिमला

राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूदा सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को विशेष पथ कर (स्पेशल रोड टैक्स) से छूट प्रदान की है। हिमाचल में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्यों के ट्रक चालक जो नेशनल परमिट के तहत कवर नहीं हैं, को अन्य राज्यों में आलू और सेब के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से तुरंत प्रभाव से छूट प्रदान की गई है। परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।



उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानों और किसानों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। परिवहन विभाग द्वारा बागवानों और किसानों के उत्पादों के परिवहन को सुगम बनाने तथा उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेब और आलू के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से छूट प्रदान करने से सभी हितधारकों को मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी को लागू करवाने के लिए होगा आंदोलन

**शिमला।** रेहड़ी-फड़ी तयबजारी यूनियन संबंधित सीटू की राज्य कमेटी की बैठक धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, तयबजारी यूनियन प्रदेशाध्यक्ष राकेश सल्लू व महासचिव सुरेंद्र कुमार ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 व वर्ष 2007 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी स्ट्रीट वेंडर्स पालिसी को लागू करवाने के लिए यूनियन प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

जरूरत पड़ी तो तहबाजारियों को उजाड़ने के विरुद्ध तहबाजारी विधानसभा व प्रदेश सरकार सचिवालय का घेराव करने से नहीं चूकेंगे।

## तीन साल एक ही जगह पर डटे अफसरों के होंगे तबादले


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन साल से एक ही जगह पर डटे अधिकारियों के तबादले होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने आबकारी, जल शक्ति, लोक निर्माण, स्वास्थ्य कृषि, बागवानी सहित कई विभागों के अधिकारियों, प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से ऐसे अधिकारियों की सूची तलब की है। राज्य में ऐसे अधिकारियों की परफोर्मेंस का भी आकलन होगा।


प्रदेश में इस महीने के अंत या अगले महीने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हो सकता है। कुछ उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को भी जहां इधर-उधर किया जा सकता है, वहीं न केवल आईएएस, एचएएस और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की सूची मांगी गई है






























## न्यूज ब्रीफ

### हटवास में कल मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्म सिंह धीमान ने कहा कि इस बार कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को सैनिक भवन हटवास में प्रातः 9:30 बजे से बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण और राष्ट्र गान 9:45 बजे होगा। इसके बाद 10 बजे अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद प्रमुख वक्ताओं द्वारा बारी-बारी से कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार रखे जाएंगे। उन्होंनें सभी पूर्व सैनिकों, पेंशनधारक बहनों और वीर नारियों से आग्रह किया है कि वे सभी 26 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे सैनिक भवन हटवास पहुंच जाएं।

### एयरपोर्ट विस्तार पर सुनवाई अब 30 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय। बहस के बाद अब मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 30 जुलाई तक रख दी है। इस बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि के अब एयरपोर्ट का फैसला 30 जुलाई होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि न्यायालय जनता के हित में निर्णय देंगे तथा अन्याय नहीं होने देगे । उन्होंने कहा के इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर नजर टिकाए हुए हैं।

### मकानों व दुकानों में फिर घुसा बारिश का पानी



**अनंत ज्ञान, गगल।** भारी बरसात के चलते गगल में मकानों तथा दुकानों में सोमवार रात्रि फिर पानी घुस गया। व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने बताया कि पिछले 40 साल से गांववासी इस पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक उनकी और ध्यान नहीं दिया और हर वर्ष करोड़ों का नुकसान हो रहा है। इसी के चलते मंगलवार को एसडीएम कांगड़ा के इशांत जसवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिए कि इस समस्या का समाधान किया जाए। उधर, व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने बताया कि कभी यह नाला पानी की निकासी के लिए बनाया गया था और यह नाला तीन मीटर हुआ करता था लेकिन अब सिकुड़कर एक मीटर नाली बन कर रह गया है। वहीं, विभाग के अधिशासी अभियंता विनय मेहरा ने अपने अधिकारियों को शीघ्र इस समस्या से समाधान के निर्देश जारी किए हैं।

### सड़क पर पड़े गड्ढे बने परेशानी का सबब

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती लोक निर्माण विभाग की घट्टा से चौंहदा तक सड़क पर बने गड्ढे लोगों के लिए भारी परेशानियों का सबब बने हुए हैं। यहां पर आए दिन दोपहिया व अन्य वाहनों की दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई वाहन चालक यहां पर गिर चोटिल हो चुके हैं। न तो इस सड़क पर कांगड़ा प्रशासन और न ही लोक निर्माण विभाग कांगड़ा ध्यान दे रहा है। कई बार इस समस्या के बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। लोगों ने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र ही घट्टा से चौंहदा तक सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया, तो विभागीय अधिकारियों की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिकायत करेंगे।



# विदेश में वर्क वीजा लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी अरेस्ट

## पुलिस ने जालंधर से गिरफ्तार किया नूरपुर निवासी, कोर्ट ने घोषित किया था भगोड़ा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



- आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं ठगी के पांच मामले

विदेश भेजने तथा वर्क वीजा लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को धर्मशाला पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार साल 2019 में आरोपी के कोर्ट में पेश न होने के कारण अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ ठगी के 5 मामले दर्ज करवाए थे। ठगी के शिकार हुए लोगों में चंबा तथा कांगड़ा जिले के लोग शामिल हैं। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति ने कई लोगों को यह कह झासा देकर ठगा कि वह उन्हें वर्क वीजा दिलवाकर विदेश भिजवाएगा। वहीं, इसकी गारंटी के तौर पर वह लोगों को चेक दे दिया करता था।

जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी जितना पैसा लेता था उसकी एवज में कम राशि का चेक उक्त लोगों को दे दिया करता था। ठगी का खुलासा तब हुआ जब आरोपी ठगी का शिकार बनाए गए लोगों के फोन नहीं उठाने लगा तथा इन लोगों ने बैंक में चेक जमा करवाए। इस व्यक्ति की ओर से दिए गए सभी चेक बैंक में बाउंस हो गए तो लोगों को खुद के ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ।

इसके बाद लोगों ने उक्त आरोपी के खिलाफ अदालत की शरण ली, लेकिन कोर्ट की ओर से कई बार सम्मन जारी करने के बावजूद वह व्यक्ति अदालत में पेश नहीं होता था, जिसके बाद अदालत ने इसे भगोड़ा घोषित कर दिया। मंगलवार देर रात धर्मशाला पुलिस थाना के एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में आरोपी को पुलिस ने जालंधर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 40 वर्षीय शशि कुमार नूरपुर क्षेत्र के बरंडा का रहने वाला है। वह कई साल से अपने घर भी नहीं जाता था। ऐसे में आशंका यह भी जताई जा रही है कि उक्त आरोपी ने नूरपुर आदि अन्य क्षेत्रों में भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया हो सकता है। बुधवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे अदालत ने एक मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि अन्य मामलों में कस्टडी ट्रांसफर कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा भी हो पाएगा कि उसने कितने अन्य लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने भगोड़े आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड दिया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र सरकार ने पेश किया दूरदर्शी बजट: रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया आम बजट 2024-25 सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बजट है। यह विकास से प्रेरित बजट है और 2047 के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को छूने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उठाया दृढ़ कदम है।

आम बजट में हिमाचल के विषय में अलग से बात रखने पर प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सातवीं बार बजट पेश करके न्याय रिकॉर्ड कायम किया है। इस बजट में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा है, जो कि विकास की धुरी है। रविंद्र धीमान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा से प्रदेश को उभरने के लिए विशेष योजनाओं का उल्लेख जो बजट में हुआ है, उससे हिमाचल जैसे कठिन परिस्थितियों वाले राज्य को संबल मिलेगा। हिमाचल प्रदेश के लोग जो आपदा से राहत का इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए यह वरदान से कम नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा विशेष प्रावधान किए हैं, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उनका योगदान सुनिश्चित करेगा। धीमान ने कहा कि आम बजट 2024-25 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की भावना, विकास की असीम संभावना है।

# मनेई की आर्या ने जेई मेन्स में हासिल किए 99 .42 % अंक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

- उप मुख्य सचेतक केवल पठानिया ने दी बधाई
- बोले, बेटी ने चमकाया चंगर क्षेत्र का नाम

शाहपुर विधानसभा के तहत पड़ती उपतहसील हारचक्कियां के गांव मनेई की निवासी आर्या डोगरा पुत्री डॉ. राजीव डोगरा ने जेईई मेन्स परीक्षा में 99.42 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्या को भारत के शीर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तमिलनाडु के त्रिची में प्रवेश मिला है, जो कि क्षेत्र के लिए बहुत ही खुशी की बात है।



आर्या डोगरा के पिता हिमाचल सरकार में एडीएल आयुक्त राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क के पद पर कार्यरत हैं माता पूजा डोगरा आहार विशेषज्ञ और गृहिणी हैं। दादा सतदेव डोगरा मुख्य शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। आर्या ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। इस मौके पर उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आर्या डोगरा, उसके माता-पिता व क्षेत्रवासियों को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आर्या डोगरा ने मेहनत और लगन एवं माता-पिता के मार्गदर्शन से जेइई मेन परीक्षा में 99.4 अंक हासिल करके मनेई ही नहीं, बल्कि पूरे चंगर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## नीतीका बतौर लेफ्टिनेंट कमांड अस्पताल कोलकाता में देंगी सेवाएं

**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव की ग्राम पंचायत भौड़ा की नीतीका पटियाल पुत्री जन्म सिंह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमांड अस्पताल कोलकाता में सेवाएं देंगी। इनके दादा का नाम उत्तम चंद था। नीतीका ने बताया कि वह इस समय कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर पीएचसी जैंद में सेवाएं दे रही हैं। नीतीका के पिता सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता गृहिणी है।



नीतीका ने कहा कि उसकी स्कूल की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय पालमपुर से हुई है, जबकि बीएससी नर्सिंग बाबा फरीद यूनिवर्सिटी मोहाली पंजाब से हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने एआईआईएमएस (एम्स) दिल्ली का एग्जाम भी क्लियर कर लिया है, लेकिन वह भारतीय सेना में सेवाएं देंगी। इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता, बड़े भाई पंकज पटियाल व अपने गुरुजनों को देती है। नीतीका ने बताया कि इन सब के स्नेह व सहयोग से ही वह इस मुकाम तक पहुंची है। (अनंत ज्ञान)

# सोशल मीडिया पर अपना आधार नंबर और ओटीपी शेयर न करें : एसडीएम

**गौरव कौंडल, पालमपुर**





भवारना में जागरूकता शिविर में लोगों को जागरूक करते हुए अधिकारी।

एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में महर्षि दयानंद सामुदायिक भवन भवारना में डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि वर्तमान समय में समाज का हर वर्ग अपनी दिनचर्या में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उपयोग कर रहा है।

उन्होंने डिजिटल टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि सोशल प्लेटफॉर्म और डिजिटल भुगतान के दौरान सूझबूझ और सतर्कता बरते ताकि साइबर फ्रॉड से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी के भी साथ अपना आधार कार्ड नंबर या ओटीपी को शेयर न करें। उन्होंने बच्चों के माता- पिता से भी आह्वान किया कि वे बच्चों द्वारा सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल करने के दौरान उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखें, ताकि जरूरत के अनुसार ही सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता लोगों के बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से भी साइबर फ्रॉड से बचने के लिय सजग रहने की अपील भी की।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रतिदिन होने वाले साइबर फ्रॉड, डिजिटल पैसों के लेनदेन के दौरान सतर्कता और किसी से भी ओटीपी इत्यादि शेयर न करने संबंधी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# सिने जगत







## जाह्नवी ने 'शौकन' गाने पर किए किलर डांस मूव्स

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का गाना 'शौकन' सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। यह एक पार्टी ट्रैक सॉन्ग है, जिसमें जाह्नवी गुलशन देवैया के साथ क्लब में डांस करती नजर आ रही हैं। यह गाना खूब ट्रेंड कर रहा है, अब हाल ही में इस गाने पर जाह्नवी ने एक रील पोस्ट की है, जिसमें वह हॉट डांस करती दिखाई दे रही हैं। शौकन को जुबिन नौटियाल, नेहा कक्क ड़ और शाश्वत सचदेव ने गाया है। गाने के बारे में जाह्नवी ने कहा- मैं हमेशा से नेहा कक्क ड़ के गानों की फैन रही हूं और उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट में शामिल था। शौकन में पहली बार उनके साथ काम करने का मौका मिला। यह गाना आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है, मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने शानदार गाना गाया है। इस बारे में सिंगर नेहा कक्क ड़ ने कहा-इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई, 'शौकन' सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है... यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस को यह गाना सुनाने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। वहीं, जुबिन का कहना है कि शाश्वत और नेहा के साथ काम करना खुशी की बात है।

## 87 के हुए मनोज कुमार

**बॉलीवुड** के बेहतरीन एक्टर और डायरेक्टर मनोज कुमार 87 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 24 जुलाई, 1937 को पाकिस्तान के ऐबटाबाद शहर में हुआ था। देश के बंटवारे के बाद मनोज कुमार का परिवार भारत आ गया था। बाद में मनोज ने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में काम किया और खूब नाम कमाया। मनोज ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कई फिल्मों में काम किया। इस वजह से उन्हें 'भारत कुमार' नाम भी मिला। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी है। दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के कारण मनोज ने अपना नाम बदल लिया था। दरअसल, दिलीप कुमार की साल 1949 में आई फिल्म शबनम में उनके किरदार का नाम मनोज कुमार था। उन्होंने महज 20 साल की उम्र में बॉलीवुड में फिल्म फैशन से डेब्यू किया। हालांकि उनको पहचान साल 1965 की फिल्म शहीद से मिली थी। मनोज कुमार ने अपने करियर में कई फिल्मों को डायरेक्ट किया उनकी कई फिल्में सुपरहिट रही। वहीं, ढेरों फिल्मों में उन्होंने शानदार एक्टिंग से भी फैंस का दिल जीता। मनोज की शानदार फिल्मों में शहीद के अलावा नील कमल, हरियाली और रास्ता, वो कौन थी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, उपकार, गुमनाम, रोटी कपड़ा और मकान, पूरब और पश्चिम, दो बदन और क्रांति जैसी फिल्में शामिल हैं।

### लाल बहादुर शास्त्री भी थे मनोज कुमार के फैन



**मनोज** कुमार के फैन तो देश के पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री भी थे। शास्त्री जी के कहने पर मनोज कुमार ने साल 1967 में आई फिल्म उपकार बनाई थी। यह फिल्म लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान जय किसान' पर आधारित थी।

### लड़की की डांट खाकर छोड़ दी सिगरेट

**मनोज** कुमार एक बार एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे तब उन्हें एक लड़की ने डांट दिया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, बहुत साल पहले मैं परिवार के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गया, सिगरेट का तब शौक था, सिगरेट पी...एक नौजवान लड़की आई और उसने मुझे डांटा- आप 'भारत कुमार' होकर सिगरेट पी रहे हो, आपको शर्म नहीं आ रही है। मनोज कुमार ने इसके बाद पब्लिकस प्लेस पर सिगरेट न पीने का फैसला कर लिया था।

## दर्दभरी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हिमेश रेशमिया





**सिंगर,** म्यूजिक डायरेक्टर और एक्टर हिमेश रेशमिया दर्दभरी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। वह अपनी नई फिल्म 'जानम तेरी कसम' लेकर आ रहे हैं। सिंगर ने फिल्म के ऐलान के साथ-साथ इसका एक पोस्टर और सॉन्ग टीजर भी जारी किया। इसके अलावा, फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। यह फिल्म 2025 में दशहरे के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू डायरेक्ट करेंगे। फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर करते हुए हिमेश ने इंस्टा पर एक और पोस्ट शेयर किया, इस पर रील्स बनाने की अपील की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जिस दर्द में आराम है... इश्क उसी का नाम है'... 'जानम तेरी कसम' के टाइटल ट्रैक पर अपनी खुद की रील बनाएं। सिंगर के करियर की बात करें तो हिमेश रेशमिया ने म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर 1998 में 'प्यार किया तो डरना क्या' से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में संगीत दिया, जिसमें हेलो ब्रदर, दुल्हन हम ले जाएंगे, बंधन और तेरे नाम शामिल हैं। झलक दिखला जा, आशिक बनाया आपने, आप की कशिश, नाम है तेरा तेरा जैसे कई हिट गानों के जरिए उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। हिमेश ने एक्टिंग में भी किस्मत आजमाई। उन्होंने साल 2007 में फिल्म 'आप का सुरूर' से बॉलीवुड में एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह फिल्म 'कर्ज' में नजर आए। वह जल्द ही 'बडास रवि कुमार' और 'जानम तेरी कमस' में नजर आएंगे।

## विदेश में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं परिणीति चोपड़ा



**हाल** ही में फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में अपने दमदार किरदार से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा फिलहाल विदेश में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एक वीडियो शेयर किया है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है जहां उनके 4.42 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वीडियो में उन्हें सड़क पर चलते देखा जा सकता है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया है, 'सबसे बड़ा फ्लेक्स (शो ऑफ) : मीटिंग के लिए पैदल जाना।' एक अन्य वीडियो में परिणीति खुशी-खुशी टहलती दिख रही हैं। उन्होंने काले रंग की ड्रेस पहनी हुई है और इसे ग्रे स्वेटर के साथ पेयर किया है। उन्होंने इसके लिए बिना मेकअप वाला लुक चुना है। उनके बाल खुले हैं। उन्होंने इस लुक को साइड स्लिंग बैग और सफेद जूतों के साथ पूरा किया है। परिणीति ने 24 सितंबर 2023 को उदयपुर के एक निजी आलीशान होटल में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा के साथ शादी की थी। पेशेवर मोर्चे पर परिणीति ने यशराज फिल्म्स में जनसंपर्क सलाहकार के रूप में काम किया। इसके बाद उन्होंने 2011 में वाईआरएफ की रोमांटिक कॉमेडी 'लेडीज वर्सेज रिकी बहल' में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा के साथ अभिनय की शुरुआत की।

## समीरा रेड्डी ने सास से न झगड़ने की बताई तरकीब

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस उनके फोटोज और वीडियोज को काफी पसंद करते हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपनी सास मंजरी वर्दे के साथ एक रील शेयर की जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही है। समीरा सास से न झगड़ने की तरकीब बताती दिख रही हैं। वीडियो में समीरा और उनकी सास पहले रफ लुक में नजर आती हैं। समीरा ने जहां पिंक टॉप के ऊपर येलो जैकेट पहनी हुई है और उनके बाल बिखरे हुए हैं। वहीं, उनकी सास ने व्हाइट कलर का कट स्लीव्स टॉप पहना हुआ है और बालों का बन बनाया हुआ है। दोनों ने ब्लैक सनग्लासेस लगाए हुए हैं। इसके बाद वीडियो में ट्रांजिशन होता है और दोनों पूरी तरह तैयार होकर सामने आती हैं। समीरा जहां ब्लैक ड्रेस में दिखाई देती हैं तो वहीं, उनकी सास हरे रंग की ड्रेस में नजर आती हैं और सास-बहू गाने पर काफी अच्छे एक्सप्रेशन देती हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म के गाने 'गोरे-गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' पर परफॉर्मेंस दी है।



# न्यूज ब्रीफ

## मनीष कुमार बने गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर



ए कुमार, सुजानपुर। सुजानपुर के जेबीटी अध्यापक मनीष कुमार अब गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर बन गए हैं। गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर का प्रमाणपत्र पाने के लिए गूगल द्वारा टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। गूगल द्वारा यह परीक्षा दो स्तरों के लिए आयोजित की गई, जिसे गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर लेवल-एक और गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर लेवल-2 कहा जाता है, जिसे मनीष ने पास कर लिया। इसके बाद गूगल ने उन्हें दोनों स्तरों के प्रमाणपत्र जारी किए हैं।मनीष का कहना है कि यदि उन्हें एक्सिलेंस स्कूल में पढ़ाने का अवसर मिलता है तो वे सरकारी विद्यालयों के बच्चों को नवीनतम प्रौद्योगिकी की जानकारी तथा गूगल की तकनीक को पाठ्यक्रम से जोड़ने तथा उसे क्रियान्वित करने का पूरा प्रयास करेंगे। वर्तमान में वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला टीहरा में जेबीटी के पद पर कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

## निशुल्क कैंप में 70 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

जाहू। पंचायत समिति खंड भोरंज कार्यालय में आस्था मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल चक्कर मंडी के द्वारा घुटनों के दर्द से पीड़ित लोगों के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70 से अधिक घुटनों से पीड़ित लोगों का चेकअप किया गया। आस्था मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल चक्कर मंडी के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण चंदेल गोल्ड मेडलिस्ट के द्वारा घुटनों की समस्या से जूझ रहे लोगों को विभिन्न व्यायाम करने के बारे में जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

## नशा मुक्ति केंद्र मर्डर मामले में आरोपी न्यायिक हिरासत में

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। फ्रैश फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र में हुई युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर चल रहे थे। मंगलवार को तीसरे आरोपी ने सरेंडर करने के बाद उसे 29 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। डीएसपी सचिन हीरेमठ ने बताया कि अमित कुमार हत्या के मामले में तीसरे आरोपी दविंद्र सिंह उर्फ दीपू को 29 पुलिस रिमांड मिला है वहीं दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## जोल प्लाही में करंट लगने से नाबालिग की मौत

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर की पंचायत जोल प्लाही में घर पर एक नाबालिग की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे को सिविल अस्पताल सुजानपुर में पहुंचाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिल जानकारी के अनुसार ऋतिक उम्र 14 वर्ष निवासी जोल प्लाही साथ लगते स्कूल बीड़ बगेहड़ा में आठवीं का छात्र था जिसकी कपड़ों को प्रेस करते समय करंट लगने से मौत हो गई। ऋतिक को तुरंत सुजानपुर अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया।

## पपलाह में कारपेंटर की हार्ट अटैक से मौत

वाईके भारद्वाज, भरेड़ी। भोरंज उपमंडल की पपलाह पंचायत के वार्ड नंबर-1 में स्थानीय निवासी विनोद कुमार के घर पर काम कर रहे कारपेंटर देशराज (57) पुत्र संत राम की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक धिरड़ पंचायत के सपलुही गांव का रहने वाला है। देशराज कई दिनों से विनोद कुमार के घर पर लकड़ी का कार्य कर रहा था। वह बुधवार सुबह भी हर रोज की तरह घर से काम पर आया। घर के मालिक भरेड़ी में रहते हैं। जब वह दोपहर बाद घर गए तो कारपेंटर का शव बरामदे में पड़ा हुआ था। इस घटना की उसके परिवारजनों व पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू का दी है। (अनंत ज्ञान)

## झनिक्कर में नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। टौणी देवी क्षेत्र के झनिक्कर गांव की 16 वर्षीय नाबालिग युवती की संदिग्ध मौत हो गई है। युवती का पिता ज्योति प्रकाश पुत्र देश राज बताया जा रहा है जोकि एक निजी बस में डक्टर का काम करता है। बुधवार सुबह हुई इस मौत का काफी समय तक गांव में भी पता न चला लेकिन बाद में सुगबुगाहट फैलना शुरू हो गई। चर्चा है कि युवती ने गले में फंदा लगा मौत को गले लगा लिया। उधर पुलिस चैकी प्रभारी एएसआई यशविंदर सिंह के मुताबिक इस बारे पुलिस को कोई सूचना नहीं है।

## हमीरपुर में भी मनाई जाएगी कारगिल युद्ध की वर्षगांठ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ 26 जुलाई को हमीरपुर में भी कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इस उपलक्ष्य पर शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क एवं निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर में आयोजित किए जाने वाले श्रद्धांजलि समारोह में जिला के वरिष्ठ अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक, कारगिल शहीदों के परिजन और आम लोग भी भाग लेंगे।

## पूर्व सैनिक साक्षात्कार सुबह 10.30 बजे पहुंचे कार्यालय

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर द्वारा पूर्व सैनिकों, युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के सूचना जारी की है कि पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर में 26 जुलाई से 17 सितंबर तक तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार में शैक्षणिक योग्यता के साथ संबंधित एनसीओ कोड लगा होगा उन उम्मीदवारों को को भी साक्षात्कार में शामिल किया जाएगा। यह जानकारी पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों का कार्यालय में पहुंचने का सुबह 10.30 निर्धारित किया गया है।

## हिमाचल के पदक विजेताओं की इनामी राशि में वृद्धि

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश सरकार ने ओलंपिक्स, विंटर ओलंपिक्स, पैरा ओलंपिक्स, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों, पैरा एशियाई और पैरा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता हिमाचली खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भारी वृद्धि की है। इस संबंध में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ओलंपिक्स, विंटर ओलंपिक्स और पैरा ओलंपिक्स खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हिमाचली खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। इसी प्रकार रजत पदक विजेता की राशि 2 से बढ़ाकर 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेता की पुरस्कार राशि एक करोड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए की गई है। एशियाई और पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को 50 लाख की जगह अब 4 करोड़ रुपए मिलेंगे। रजत पदक विजेता को 30 लाख की जगह अढ़ाई करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 20 लाख की जगह अब डेढ़ करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।

## चबूतरा में 26 जुलाई को बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। विद्युत अनुभाग चबूतरा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र डोली, दाडला, छोंटा, भलेठ, मिहाड़पुर तथा विद्युत अनुभाग पटलांदर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र चरोट, डेरा, चमियाणा, रिआह, थाना धमड़ियाणा, गाड्डी, पटलांदर, रंगड़, थैल आदि क्षेत्रों में 26 जुलाई शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। एसडीओ गोपाल भाटिया ने बताया कि इस दिन लाइनों की मरम्मत व पेड़ों की कटाई, छंगाई का कार्य किया जाएगा। मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## लोगों को बीमा पॉलिसियों से करवाया अवगत

अनंत ज्ञान, बिझड़ी। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय बड़सर की प्रचार प्रसार वैन बिझड़ी में पहुंचकर स्थानीय लोगों को विभिन्न बीमा योजनाओं जैसे बीमा निवेश जीवन शक्ति जीवन लक्ष्य मनी बैक जीवन लाभ जीवन आनंद न्यू जीवन शांति इत्यादि बीमा पॉलिसियों से अवगत करवाया इस अवसर पर मुख्य जीवन बीमा सलाहकार के एस चंद्वानी, एसके ठाकुर पवन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 30 तक बिजली बिल जमा करवाएं धनेटा के उपभोक्ता

अनंत ज्ञान, नादौन। विद्युत उपमंडल धनेटा के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 30 जुलाई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 30 जुलाई तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे और इसके उपरांत कनेक्शन बहाल करने के लिए 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क जमा करवाना पड़ेगा। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बीटेक में डायरेक्ट एंट्री की काउंसलिंग आज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर परिसर में आगामी शैक्षणिक सत्र में एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए एमएससी योग, एमटेक (सीई, सीएसई, ईई) और बीएससी एचएमसीटी, बीएचएमसीटी में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में 83 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई, जिसमें एमटेक, एमएससी भौतिक विज्ञान व पर्यावरण विज्ञान में 49 और एमए, एमएससी योग और बीएससी एचएमसीटी व बीएचएमसीटी में 34 सीटें आवंटित की गई। जिन विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 26 जुलाई सायं पांच बजे तक रिपोर्ट करनी होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसलिंग 25 जुलाई को होगी।

# बारिश न होने से मक्की की फसल पर संकट

## सरकार किसानों को दे फसलों का उचित मुआवजा: लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

हिमाचल प्रदेश में मौसम की बेरुखी से सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जलवायु अपराजकता ने प्रदेश के किसानों को फिर से प्रभावित किया है। हालात यह हो गए हैं कि बरसात का आधे से भी ज्यादा मौसम बीतने के बाद भी सूबे में अभी तक एक भी जोरदार बारिश नहीं हुई हैं।

बारिश न होने के कारण अब किसानों के चेहरा गए हैं। अगर बात जिला हमीरपुर की करें तो बरसात के इस मौसम में जिला भर में अभी तक एक भी ऐसी बारिश नहीं हुई हैं जिससे फसलों को सहारा मिल सके। किसानों की फसलें सूख चुकी हैं, जो थोड़ी-बहुत बची हैं वे भी सूखने की कगार पर हैं। एक तरफ किसानों को फसलों के नुकसान की चिंता सता रही है तो दूसरी तरफ मुआवजे के लिए सरकार की तरफ निगाहें टिकाएं हुए हैं, लेकिन किसानों के दर्द को समझते हुए अभी तक सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है कि जिससे किसानों के चेहरों की रौनक लौट सके।



बारिश न होने से मुरझाई मक्की की फसल।

किसानों के दर्द को देखते हुए बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने हमीरपुर जिले को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि मानसून की बेरुखी से हमीरपुर में सूखे जैसे हालात बने हैं। इस कारण सरकार को किसानों के दर्द को समझते हुए हमीरपुर जिला को सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिए और किसानों को फसलों का उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि किसानों को फसलों की भरपाई हो सके।

**▶ जिला हमीरपुर को सूखा ग्रस्त घोषित करे सरकार**

उन्होंने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत से देश के लोगों का पेट भरने वाला किसान मौसम की बेरुखी से खुद खाली पेट सोने को मजबूर हुआ है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि जिन क्षेत्रों में सामान्य से भी कम बारिश हुई है ऐसे क्षेत्रों को सूखाग्रस्त घोषित कर सरकार किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा दे ताकि कर्ज के बोझ तले डूबे किसान राहत की सांस ले सकें। (अनंत ज्ञान)

# मक्की की फसल फॉल आर्मी बर्म बीमारी की चपेट में आई

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



डॉ. छवि बीमारी के बारे में किसानों को जानकारी देती हुई।

उपमंडल नादौन के किसानों की मक्की की फसल वर्तमान समय में फॉल आर्मी बर्म बीमारी की चपेट में आने से वर्तमान समय में किसान काफी चिंतित हैं। मक्की की फसल में फैली इस बीमारी ने पंचायत दंगड़ी एवं बड़ा आदि में काफी विकराल रूप ले लिया है। किसानों का कहना हैं कि पिछले वर्ष भी इस बीमारी के फैलने से उनकी लगभग 30 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी थी।

कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित धनपुर की कृषि कीट विशेषज्ञ डॉ. छवि ने इस बीमारी पर चर्चा करते हुए बताया कि फॉल आर्मी बर्म इस फसल का एक मुख्य कीट है जो कि पिछले तीन-चार वर्षों से मक्की की फसल को नुकसान पहुंचाकर फसल को पूरी तरह तबाह कर देता है। इस कीट की सुंडी मक्की को नुकसान करती है। शुरुआत में सुंडियां पत्तों के ऊपर सुई के आकार के सुराख बना देती हैं और धीरे-धीरे तने में घुसकर उसे अंदर से खोखला कर देती हैं तथा फसल पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो जाती है। डॉ. छवि ने बताया कि नीम से बनी दवाई 5 मिली प्रति एक लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें तथा कम प्रकोप होने पर कीट ग्रसित पौधों को उखड़कर नष्ट कर दें तो यह बीमारी रुक सकती है। (अनंत ज्ञान)

# अनाथ बच्चों व पात्र महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए : शम्मी सोनी

**अनंत ज्ञान, नादौन**



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक शम्मी सोनी।

नगर पंचायत नादौन में सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने की। उन्होंने नगर पंचायत के सातों वार्डों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकार द्वारा अनाथ बच्चों, महिलाओं व अन्य जरूरतबंद लोगों के लिए जो योजनाएं शुरू की है।

उन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए जिसके लिए आप घर घर जाकर सुनिश्चित करें कोई भी लाभार्थी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से छूटना नहीं चाहिए। बैठक में नगर पंचायत सचिव रमन शर्मा, नगर पंचायत की उपाध्यक्ष ऊषा सौंधी, पार्षद सुमना कुमारी, सुषमा अवस्थी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना कुमारी, सरोज रानी, अनुपम शर्मा, बबली देवी, कुसम कुमारी, कुमन ठाकुर, शशि बाला, अनूप लता व उर्मिला देवी ने हिस्सा लिया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि पात्र लोगों को सरकारी की ओर से दी जाने वाली खाद्य सामग्री व अन्य सामान समय समय पर मिलना चाहिए जिसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में वार्ड वाइज कमेटियों का गठन किया जाएगा। संबंधित वार्ड का पार्षद उस कमेटी का अध्यक्ष होगा। उसकी अध्यक्ष व देख रेख में आंगनवाड़ी केंद्र जनहित में कार्य करेंगे।

# रंगस में बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

शशि सोनल, नादौन। नादौन उपमंडल के रंगस के बाजार व आसपास के गांवों के लोग बिजली की चरमराती व्यवस्था व अघोषित कटों से परेशान हैं। प्रचंड गर्मी में बिना बिजली के काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यंग बिजनेसमैंन एसोसिएशन रंगस का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एसोसिएशन के प्रधान सुनील कुमार के नेतृत्व में एसडीओ कार्यालय में एसडीओ की अनुपस्थित में कार्यालय स्टाफ से मिला तथा बिजली की समस्या के स्थायी समाधान का आग्रह किया। एसोसिएशन के सचिव रमेश कुमार, कनवीनर विजय अतुल, विरेंद्र राणा, वासुदेव आदि शामिल थे। एसडीओ को प्रेषित पत्र की प्रति पत्रकारों को देते हुए सुनील कुमार व रमेश चंद ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रंगस बाजार व आसपास के गांवों के लोग बिजली के अघोषित कटों से परेशान हैं। एसडीओ रंगस संदीप सांगल का कहना है कि ट्रांस्फार्मर में तकनीकी खराबी आने व उससे पहले बिजली की लाइन में समस्या आने की वजह से कुछ समय के लिए बिजली बाधित रही उसे ठीक कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# रास्ता बंद करने को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से की शिकायत

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



उपायुक्त अमरजीत सिंह से मिलते गांव जिजवीं वार्ड नंबर दो के ग्रामीण।

ग्राम पंचायत बधानी गांव जिजवीं वार्ड नंबर-2 के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल ने गांव को जाने वाले सार्वजनिक रास्ते को बंद करने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों से मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि पृथ्वी चंद पुत्र स्व. जग गोपाल ने अपने परिवार के सहयोग से 20 जुलाई को जिजवीं वार्ड नंबर-2 के सार्वजनिक रास्ते को पूर्णतय बंद कर दिया है। इससे गांवों के लोगों को आने जाने में समस्या हो गई है। रास्ते को लेकर लगभग 3 साल से एसडीएम भोरंज की कोर्ट में मामला चला हुआ है। पृथ्वी चंद ने तीसरी बार रास्ते पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। जिस जमीन से यह रास्ता जाता है यह जमीन आबादी देय है जो कि सरकारी जमीन है। 7 जुलाई को भी पृथ्वी ने अतिक्रमण करना शुरू कर दिया, जिसको लेकर पंचायत वार्ड सदस्य को मौके पर बुलाया गया। वार्ड सदस्य ने मौके पर पाया कि पृथ्वी चंद गैर-कानूनी ढंग से सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर रहा है, जबकि यह मामला एसडीएम कोर्ट भोरंज में विचाराधीन है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई रास्ते से गुजरता है तो यह परिवार लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारू हो जाता है। इस रास्ते की समस्या के निपटारे से संबंधित अगली पेशी एसडीएम कोर्ट भोरंज में 5 अगस्त को निश्चित है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते में यह परिवार गड्ढा खोद देता है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि सार्वजनिक रास्ते को बंद करने को लेकर उपायुक्त परिवार के खिलाफ कार्रवाई की जाए व रास्ते को खुलवाया जाए। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने ग्रामीणों की बात को सुना और एसडीएम भोरंज को निर्देश दिए कि सार्वजनिक रास्ते की समस्या को हल करें। (अनंत ज्ञान)

# युवक को दो साल का कारावास व 20 हजार जुर्माना

हमीरपुर। एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र स्व. बृज लाल, निवासी डाडू डाकघर बड़ोह, तहसील एवं थाना भोरंज को 2 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा न करने पर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22 के तहत अपराध के लिए 6 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। मामले के अनुसार 2020 को पुलिस नगरोटा ने चैकिंग दौरान मोटरसाइकिल सवार विनोद कुमार से स्पास्मो प्रोक्सीवॉन और एसएमपी-पीआरएक्स वॉकहार्ट के 478 कैप्सूल मिले। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों से पूछताछ की। यह मुकदमा उप जिला न्यायवादी हमीरपुर राहुल चोपड़ा द्वारा चलाया गया।

# डिप्टी डायरेक्टर ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



निरीक्षण भी के डिप्टी डायरेक्टर नवीन शर्मा ने किया स्कूलों का निरीक्षण।

जिला हमीरपुर निरीक्षण विंग के नवीन शर्मा डिप्टी डायरेक्टर निरीक्षण के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिला हमीरपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ा व चबुतरा का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान स्कूल के कर्मचारियों की उपस्थिति व कार्यालय के विभिन्न दस्तावेजों इत्यादि की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान स्कूल के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति की विशेष रूप से जांच की गयी और जहां कमी पायी गयी वहां उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

इसके साथ-साथ निरीक्षण टीम ने स्कूल परिसर की समुचित सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्कूल के सभी हिस्सों की खासकर विद्यालय में फूलों की क्यारियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पानी के टैंकों की साफ-सफाई और पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पानी की आपूर्ति को सुरक्षित और स्वच्छता बनाने के लिए निर्देश दिए गए कि विद्यालय शुरू होने से ठीक पहले पानी के सभी भंडारण टेंको की उचित सफाई करने के उपरांत स्वच्छ व ताजा पानी छात्रों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण विंग हमीरपुर के अधिकारी नवीन शर्मा डिप्टी डायरेक्टर निरीक्षण व उनकी टीम गौरव शर्मा अधिकारी, किशोरी लाल अधिकारी ने इस दौरान स्कूल प्रशासन को निर्देशित किया कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें ताकि छात्रों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके।

# 'मिशन शक्ति' के तहत महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण की योजनाएं बताईं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए आरंभ की गई एक वृहद एवं समावेशी योजना 'मिशन शक्ति' के तहत 21 जून से 4 अक्तूबर तक चलाए जा रहे 100 दिवसीय जागरूकता अभियान 'संकल्प' के तहत बुधवार को यहां वार्ड नंबर-8 में झुग्गी बस्ती की महिलाओं और किशोरियों के लिए एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की ओर से आयोजित इस शिविर में जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने प्रवासी महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी और इसके लिए पात्र महिलाओं का मौके पर ही पंजीकरण करवाया। उन्होंने प्रवासी महिलाओं की बैंक से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निवारण भी किया।

शिविर के दौरान जेंडर स्पेशलिस्ट वंदना ठाकुर ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न अधिनियिमों की जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत करवाया तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिला 181 नंबर पर उपलब्ध महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है।

# बिल्लकलेश्वर मंदिर में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

अनंत ज्ञान, बड़ा। उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर के परिषर में बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा के सदस्यों के अतिरिक्त स्थानीय गांववासियों ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में महादेव मंदिर में 26 जुलाई से शुरू होने वाले कार्यक्रम शिव पुराण कथा के संदर्भ ने रूपरेखा तैयार की गई।

सभा के सचिव हंस राज ने बताया कि बैठक में ये निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई से 3 अगस्त तक मंदिर में आयोजित की जा रही शिव पुराण कथा के दौरान प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अनुज अंगरिस भगवान शिव की महिमा का व्याख्यान करेंगे। कथा का शुभारम्भ बटाहली गांव से कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। 3 अगस्त कों कथा के समापन पर विश्व शान्ति के लिए महायज्ञ का आयोजन होगा।

**अनदेखी** प्रदेश के करीब 5600 अभ्यर्थियों का परिणाम पिछले चार साल से लटका

# परिणाम घोषित नहीं करेंगे तो आत्मदाह को होंगे मजबूर

**रवि ठाकुर,हमीरपुर**



पिछले सात दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे अभ्यर्थी।

पिछले सात दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे हुए हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर के बाहर अभ्यर्थियों ने अब आत्मदाह करने निर्णय लिया है।

बता दे कि प्रदेश के करीब 5600 अभ्यर्थियों का परिणाम पिछले चार सालों से लटका हुआ है और इसी के चलते अब अभ्यर्थियों ने हमीरपुर राज्य चयन आयोग कार्यालय के बाहर तंबू गाड़ कर क्रमिक अनशन एक सप्ताह से जारी है। वहीं, अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द परिणाम घोषित किया जाए अन्यथा राज्य चयन आयोग के कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने को मजबूर हो जाएंगे। पोस्ट कोड 817 के तहत प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड और निगमों में जेओए के 1855 पद भरे जाएंगे और इसके लिए 5600 अभ्यर्थियों को परिणाम का चार सालों से इंतजार है।

वहीं अभ्यर्थी शिल्पा ने बताया कि लंबे अरसे से अपने रिजल्ट घोषित करने की राह देख रहे थे। लेकिन अभी तक आयोग ने उनका रिजल्ट घोषित नहीं किया है। जिस कारण उन्हें मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने सरकार और आयोग से मांग की है कि जल्दी से जल्दी उनका रिजल्ट घोषित किया जाए।

वहीं जिला बिलासपुर के नमहोल आई अभ्यार्थी पूजा शर्मा ने बताया कि जहां सरकार बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का नारा देती है। लेकिन आज बेटियों को अपने रिजल्ट के लिए सड़कों पर बैठना पड़ रहा है।

वहीं राज्य चयन आयोग के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठे हुए रजत जरियाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सत्ता में आने से पहले व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते थे। लेकिन कोई व्यवस्था परिवर्तन नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि 2 साल पहले ही उन्हें बताया गया कि आयोग द्वारा उनका रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा, लेकिन आज दिन तक रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। अगर सरकार ने रिजल्ट घोषित नहीं किया तो वह राज्य चयन आयोग के बाहर आत्मदाह करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

अमित शर्मा ने चयन आयोग को चेताते हुए कहा कि अगर परिणाम नही निकाला गया तो आत्मदाह करने के लिए अभ्यर्थी मजदूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बार बार आश्वासन देकर अभ्यर्थियों को भेजा जा रहा है लेकिन इस बार परिणाम निकलने के बाद ही अभ्यर्थी कार्यालय के बाहर से हटेंगे। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. सुमित पुन्याल हिमाचल स्टेट अवार्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान, जाहू। हिमाचल एकता मंच द्वारा डॉ सुमित पुन्याल को हिमाचल स्टेट अवार्ड 'हिमाचलो री शान 2024' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज को होम्योपैथी के लिए जागरूक व अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए दिया गया।



डॉ. पुन्याल ने बताया कि यह पुरस्कार हिमाचल एकता मंच के द्वारा आयोजित जिला मंडी के लड़ भडोल में हिमाचलो री शान राज्य पुरस्कार समारोह में दिया गया। डॉ. पुन्याल ने बताया कि कई एनजीओ के माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में होम्योपैथी की जागरुकता के लिए कार्य कर रहे है। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन में होम्योपैथिक डॉक्टरों व प्रदेश में होम्योपैथी की दयनीय स्थिति को बतौर प्रदेश अध्यक्ष उठाया।

इस समय डॉ. पुन्याल ब्लॉक स्तर पर भिन्न माध्यम के द्वारा होम्योपैथी के लिए जागरूक कर रहें है।

# नियमों को ठेंगा दिखाकर खुले में डाल दी पेयजल पाइप

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

ढटवाल क्षेत्र में पेयजल जल समस्या को लेकर एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य चल हुआ है, ताकि आने वाले समय में बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हल्क न सुखे। इस प्रोजेक्ट के तहत ढटवाल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा पेयजल पाइप लाइन डालने का काम पूरे जोर-शोर से क्षेत्र में चला हुआ है।

यह कार्य किसी बड़े रसूखदार ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है, इसका जीता-जागता उदाहरण दंदवी पेयजल टैंक के लिए बड़ी लाइन बिछाई जा रही है। उस लाइन को ठेकेदार द्वारा नियमों को तार-तार करके खुले में ही डाल दिया है। कई जगह तो पाइपलाइन गंदी नालियों के बीच में डाली गई है जिसके चलते स्थानीय लोग विभाग के प्रति आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों होशियार सिंह, महेंद्र सिंह, केसर सिंह, राजेश कुमार आदि का कहना है कि अगर विभाग मुख्य सड़क से दंदवी टैंक को जाने



वाली पेयजल लाइन को यह नियम के तहत नहीं डालता तो ऐसे में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर शिकायत करना के लिए मजबूर हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क से मेन टैंक को जाने वाले लगभग 600 मीटर पेयजल लाइन आनन-फानन में डाल दी गई है। ऐसे में कोई घटना होने पर उसका जिम्मेदार कौन होगा?

कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार धीमान ने कहा कि वैसे तो पाइपलाइन तय नियमों के तहत डाली गई है, अगर कहीं खुले में डाली होगी तो उसको दोबारा खुदाई करके नीचे जमीन में अंडरग्राउंड कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गागल में मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल में बुधवार को एक्स मैन लीग इकाई लडभड़ोल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का आयोजन लडभड़ोल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कथोण के गांव गागल में कारगिल शहीद नायक स्वर्गीय मेहर सिंह के पैतृक गांव में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी कारगिल विजय दिवस के आयोजन को लेकर स्थान में बदलाव किया गया हैं। इस वर्ष कारगिल विजय दिवस के मौके पर कारगिल शहीद नाइक स्व. मेहर सिंह के गांव गागल में किया जा रहा है। उन्होंने सभी से निवेदन है कि अपने इर्द गिर्द सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं को भी इसमें सम्मिलित होने के लिए आग्रह करें। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में एकत्रित होने की कृपा करें।

### किसानों को बांटे 3500 बागवानी पौधे



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने कृषि क्षेत्र में एक नया कदम उठाते हुए 3500 बागवानी पौधे किसानों को वितरित किए गए। इनमें नींबू, अमरुद, आम और मोस्रंबी के पौधे शामिल हैं। इसके साथ जंगल में लगने वाले 7500 पौधे जिसमे जामुन, आंवला, मोरिंगा, कचनार व शहतूत के पौधे लगाए जा रहे हैं। इस पहल के तहत फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है किसानों की आय को बढ़ाना। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 55 किसानों के बागीचे लगाए गए हैं। अंबुजा फाउंडेशन किसानों को बागवानी के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट मुकेश सक्सेना ने इस कार्य हेतु किसानों से कहा कि बागवानी हिमाचल प्रदेश की पहचान रही है व इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने बताया कि क्षेत्र में किसानों के पास खेती योग्य भूमि की कमी है। इससे साफ है कि बागवानी का अभ्यास करके किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से अंबुजा फाउंडेशन ने कृषि सेक्टर की सुधारी हुई दिशाओं में एक नई ऊर्जा भरी है। यह पहल न केवल किसानों के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी एक सकारात्मक संकेत साबित हो सकती है।

### 27 से 31 तक एनएच-21 दो घंटे तक रहेगा बंद

**मंडी।** डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने आदेश जारी करते हुए 27 से लेकर 31 जुलाई तक एनएच-21 को बिंदरावणी से पंडोह तक वाहनों की आवाजाही के लिए रोजाना दो घंटे के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। आदेशों के अनुसार वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध सुबह 11 से लेकर दोपहर एक 8बजे तक रहेगी। डीसी ने बताया कि परियोजना निदेशक, एनएचएआई, मंडी ने उन्हें सूचित किया था कि 20 को जिले भर में भारी वर्षा के कारण लगातार एनएच-21 में बिंदरावनी से लेकर पंडोह तक भू-स्खलन हो रहा है। एनएच-21 में कुछ जगहों पर बोल्डर लटकने की सूचना है, जिसके परिणामस्वरूप सड़क यात्रियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। ऐसी परिस्थितियों में, बिंद्रावणी से पंडोह तक एनएच-21 की मरम्मत और जीर्णोद्धार की सख्त जरूरत है। सड़क से गुजरने वाले व्यक्तियों और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते इस कार्य के समय पर करने की सख्त जरूरत को देखते हुए 27 से लेकर 31 जुलाई तक वाहनों की आवाजाही को दो घंटे के लिए प्रतिबंधित किया गया है, ताकि एनएचएआई बिंदरावणी से पंडोह तक एनएच की मरम्मत का कार्य कर सके।

### विश्वकर्मा चौक पर पहाड़ी खिसकने से परेशानी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** बरसाती आपदा से शहर के विश्वकर्मा चौक के पास दरकी टारना की पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण चली आ रही दिक्कतें अभी भी बेरोक-टोक जारी हैं। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस व लोक निर्माण विभाग यहां पर केवल लीपापोती करके ही कई महीनों से काम चला रहे हैं। कभी टूटी फूटी सड़क पर तारकोल बिछाकर आवाजाही सुचारु कर दी। कभी पानी की निकासी के लिए बनाई गई अस्थायी कच्ची नाली से सड़क की चौड़ाई कम करने व कीचड़, धूल, मिट्टी फैलाने में सहायक हो रही है। इसके चलते पुराने सुकेती पुल, मंगवाईं व थनेहड़ा बाजार के मध्य यातायात तो चल रहा है, लेकिन राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे तीनों ओर से आवाजाही करने वाले वाहन व मंगवाईं व थनेहड़ा के मध्य पैदल राहगीरों को परेशानी हो रही है। गत दिनों इस सड़क मार्ग पर पुनः ऊपर से गिर रहे पत्थर व मिट्टी को थामने को रोक लगाने का कार्य किया गया था। जिसके तहत कुछ राहत मिली लेकिन इस स्थान पर जैसे ही बारिश होती है तो पानी व चिकनी मिट्टी से फिसलन दार कीचड़ से परेशानी हो रही है। मंगवाईं व थनेहड़ा बाजार शॉपकीपर एसोसिएशन के सदस्य दुकानदारों अवनीश पटयाल, गजेंद्र पाल, सर्वजीत, दीपक गुलेरिया और बीरबल शर्मा आदि ने नगर निगम, जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि यहां से फालतू मिट्टी को उठाया जाए व डंगे का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। (अनंत ज्ञान)



# प्रेरणा संस्था ने चिकित्सा अधीक्षक को लचर व्यवस्था को लेकर दिया ज्ञापन

## कहा-मांगों पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन चंबा कार्रवाई नहीं करेगा तो खोलेंगे मोर्चा

**एम एम डैनियल, चंबा**



चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के पदाधिकारी।

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में उपचार से लेकर टेस्ट सरकारी की बजाय गैर सरकारी प्रयोगशाला में होने पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा ने कड़ा संज्ञान लिया है।

इसके तहत प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था अध्यक्ष दीपक भाटिया की अगुवाई में मेडिकल कॉलेज चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन ठाकुर को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने जहां चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है, वहीं उन्होंने इसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, उपायुक्त चंबा, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन सहित विजलेंस विभाग चंबा को भी सौंप कर कार्रवाई की मांग उठाई।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन ठाकुर को ज्ञापन को अवगत करवाते हुए बताया कि सरकार व मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा चिकित्सालय चंबा में सरकारी व ठेके सहित रेडक्रॉस सोसायटी की विशेष प्रयोगशालाएं विभिन्न रोगों के टेस्ट के लिए स्थापित करवाई गई हैं, लेकिन जब कोई रोगी इन सरकार व विभागीय मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से चिकित्सक द्वारा लिखे टेस्ट करवाता तो उसकी रिपोर्ट चिकित्सक देखने में न रुचि दिखा रहे हैं और ऊपर से रोगियों व उनके परिजनों को गैर सरकारी प्रयोगशालाओं में टेस्ट करवाने पर बाध्य कर रहे हैं, ऐसा ही एक मामला संस्था के ध्यानार्थ आया है। उन्होंने कहा कि जिसके चलते संस्था पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा प्रशासन के समक्ष हिमकेयर कार्ड, ऑर्थो व प्राइवेट टेस्ट सम्बंधित कुछ जानकारी साझा करना व उस पर कार्रवाई होना जरूरी समझा है।

उन्होंने कहा कि उनकी निम्न मांगों में हिमकेयर व आयुष्मान भारत कार्ड का फायदा सुचारु रूप से ऑर्थो व अन्य मरीजों को मिले, सरकारी टेस्ट करवाने का प्रक्रिया आसान की जाए, - मेडिकल स्टोर से लाए जाने वाला सामान विशेष कर ऑर्थो के सामान को लाने के लिए मरीज स्वतंत्र हों, मेडिकल कॉलेज चंबा में प्राइवेट मेडिकल स्टोर वाले सीधे ऑपरेशन थिएटर में सामान ले जाने व छोड़ने के लिए कठोर नियम बनाए जाएं, प्राइवेट लैब वाले लैब टेक्निशंस वार्ड में जाकर टेस्ट की अनुमति न दी जाए क्योंकि सरकार ने यह सुविधाएं निशुल्क मेडिकल कॉलेज में दी हैं, चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेज/सरकारी चिकित्सालय में उपलब्ध दवाओं को ही प्राथमिकता के आधार पर मरीजों को देने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उक्त मांगों पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन चंबा अगर जल्द उचित कार्रवाई नहीं करता है तो संस्था को मजबूरन इस दिशा में मोर्चा खोलना पड़ जाएगा। इसके जिम्मदार मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, सरकार व जिला प्रशासन होगा। इस मौके पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा पदाधिकारियों, सदस्यों व रोगी परिजनों ने अपनी उवस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

# चंबा-पठानकोट हाईवे पर शौचालय की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा-पठानकोट हाईवे मार्ग पर मोहल्ला माईकाबाग में निर्मित शौचालय की खस्ता हालत होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे नगर परिषद चंबा के स्वच्छता प्रदान करने के दावे हवा होते नजर आ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि हाईवे मार्ग पर लोगों की शौच सुविधा के लिए खोला गया शौचालय की उचित देख-रेख व सफाई व्यवस्था न होने चलते शौचालय में गंदगी का आलम बढ़ता जा रहा है। वहीं, शौचालय की दीवारों की जर्जर हालत शौचालय भवन की असुरक्षित होने की ओर भी सकेत दे रहे हैं।

इसके चलते राहगरीरों को जहां शौच के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रह है, वहीं शौचालय समीप क्षेत्र की पर्यावरण जलवायु दूषित आलम के प्रकोप से गुजर रही है। इसके चलते राह से गुजरने वाले राहगीरों को बदबू के वातावरण से गुजरना पड़ रहा है। राहगीरों में विजय, सुरेश, पंकज, विवेक, अजय और रमेश का कहना है कि नगर परिषद को इसके बारे में अब तक कई बार किसी न किसी व्यक्ति विशेष माध्यम अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन नगर परिषद चंबा की ओर से कोई भी साकारात्मक कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने नप अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इस व्यस्था को सुचारु रूप से चलाया जाए ताकि लोगों को पेश आ रही परेशानियों से निजात मिल सके।

> चंबा-पठानकोट हाईवे मार्ग पर मोहल्ला माईकाबाग में निर्मित शौचालय का जल्द निरीक्षण करवा कर उसके सुधार संबंधी कदमों को जल्द से जल्द उठा राहगीरों को शौचालय सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। जबकि शौचालय की सफाई के लिए नियमित रूप से सफाई कर्मी की ड्यूटी निर्धारित की जाएगी।
>
> -नीलम नैयर, अध्यक्ष नगर परिषद चंबा

**नगर परिषद चंबा के स्वच्छता के दावे हो रहे हवा**

# अलसू के निकट फोरलेन पर चलते ट्रक में लगी आग



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर में डैहर के निकट अलसू में फोरलेन पर बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। इंजन से धुआं निकलते देख चालक ने तुरंत ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और वह उससे सुरक्षित बाहर निकल गया।

ट्रक के इंजन में से लगातार आग की लपटें उठने से फोरलेन पर अन्य वाहन भी अनहोनी की आशंका के चलत थम गए। इसी दौरान किसी ने बीएसएल परियोजना का फायर ब्रिगेड विभाग को भी इस बारे सूचित कर दिया। सूचना मिलने पर सुंदरनगर से फायर बिग्रेड मौका के लिए रवाना हो गई है। ट्रक किसका था और कहा जा रहा था, इसको लेकर अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया ट्रक में आग लगने की सूचना मिलने पर डैहर पुलिस चौकी से दल मौका के लिए रवाना कर दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए ऑडिशन प्रक्रिया जारी

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए तीसरे दिन भटियात और डलहौजी उपमंडल के 92 कलाकारों ने दिया ऑडिशन



अंतरररराष्ट्रीय मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए ऑडिशन प्रक्रिया में शामिल होते युवा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा के सभागार कक्ष में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन लिए जा रहे हैं। 22 से 26 जुलाई तक चलने वाले इस ऑडिशन कार्यक्रम में जिलाभर के विभिन्न कलाकार भाग ले रहे हैं।

इसी कड़ी में आज तीसरे दिन भटियात और डलहौजी उपमंडल के ऑडिशन स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा लिए गए, जिसमें 92 कलाकारों ने भाग लिया। स्क्रीनिंग कमेटी ने बताया कि 25 जुलाई को उपमंडल चंबा के कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा।

26 जुलाई को जिला चंबा से बाहर के कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑडिशन संबंधी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात गायकों व नृतक दलों को मेरिट के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के मंच पर प्रस्तुतियां देने का मौका दिया जाएगा।

# चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत लंझता पंचायत के ड़डवाड़ा गांव में सोमवार को एक घर से लाखों रुपए के आभूषणों की चोरी मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक की पहचान 27 वर्षीय आशीष कुमार गांव ठंडोडा के तौर पर हुई है। आरोपी युवक पीडब्ल्यूडी विभाग में बतौर मल्टीटास्क वर्कर कार्यरत है।

बुधवार सुबह ही पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले में आगामी जांच की जा रही है।

# मिंजर की नायाब कला को आज भी संजोए हुए है मिर्जा परिवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



घर की चारदीवारी में रह कर भी प्राचीन कला को वर्तमान में मिर्जा परिवार अपनी खानदानी मिंजर बनाने की परंपरा को सहजे हुई है। रियासतकालीन समय से ही मिर्जा परिवार की बहुओं व बेटियों ने अपने बुजुर्गों से जरी, सोने, तिले, रेशम व धागों की तारों के मिश्रण को एक लढ़ी के रूप देने की कला को सीखा है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी मिर्जा परिवार मिंजर को बनाने की विधि को आज भी कायम रखे हुए है। गौर हो कि मिर्जा परिवार के रियासतकालीन बुजुर्गों के पश्चात कुछ वर्ष पूर्व महरूम असगर वेग मिर्जा व उनकी पत्नी स्व. शबनम वेग मिर्जा मिंजर बनाने की पुर्खों द्वारा प्रदान कला को संजोए रहे। उनके देहांत के पश्चात वर्तमान में उनके परिवार की तीन बहुओं में रीना, बेबी व तनवी सहित उनके ताया के परिवार की बहु सलामा बेगम मिर्जा इस कला को कायम रखे हुए है। मिंजर मेले से करीब तीन माह पूर्व ही मिर्जा परिवार की बहुएं मिंजर निर्मित करवाने के कार्य में दिन-रात जुट जाती हैं, जो कि कड़ी मेहनत व मशक्त कर जहां मिंजर तैयार करती है।

वहीं, उनके पति निर्मित मिंजर को महरूम असगर वेग मिर्जा के पश्चात मौजूदा समय में उनके छोटे भाई एजाज वेग मिर्जा विधिवत्त रूप से रियासतकालीन रस्म को वर्तमान निर्वाह करते हुए सालिग्राम रघुवीर प्रतिचिन्ह, भगवान लक्ष्मी नारायण, सहित लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह में अन्य देवी-देवाताओं को सर्वप्रथम मिंजर चढ़ा रहे है। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन व नगर परिषद चंबा की डिमांड अनुसार व आम लोगों तक इस नायाब कला को पहुंचा रहे है। इसमें सबसे अधिक श्रेय मिर्जा परिवार की चारों बहुओं को जाता है, जिनकी लगन व मेहनत ने उनके बुजुर्गोकी कला को वर्तमान युग में भी गुमनामियों के अंधेरों में खोने नहीं दिया है।

### क्या है खासियत

मिंजर कला की सबसे बड़ी खासियत मक्की के ऊपरी भाग को तिले, धागों व रेशम में संगम के रूप में प्रारूप को तैयार करना है, जो कि अपने में एक प्राकृतिक सुंदरता की झलक व्यक्त करता है।

### कैसे बनाया जाता है मिंजर को

जरी, सोने, तिले, रेशम व धागों की तारों को एक-एक कर एक गुच्छे का रूप दिया जाता है। जिसमें मिंजर के आकार, वजन व बनावट का खास ध्यान रखा जाता है। एक मिंजर की लड़ी को तैयार करने में दस से पंद्रह दिन का समय लगता है।

### मिंजर कला का इतिहास

मिंजर कला का इतिहास 17 वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है। तत्कालीन चंबा रियासत के शासक पृथ्वी सिंह ने इस कला व कलाकारों को राजकीय सम्मान देते हुए कला निर्माता मिर्जा शफी बेग को सालिग्राम रघुवीर प्रतिचिन्ह को सर्वप्रथम मिंजर चढ़ाने को आजीवन वंश दर वंश चढ़ाने का अधिकार व चंबा रियासत में दस्तकारी कार्य करने के लिए बसने की स्वीकृति पूरे राजकीय सम्मान के साथ दी गई, लेकिन खेद का विषय है कि इस कला को जितना संरक्षण शासक काल में प्राप्त हुआ। वह संरक्षण वर्तमान में औपचारिकताओं के अदा करने व मनोरंजन से जुड़कर रह गया है। इसमें प्रशासन व नगर परिषद द्वारा मिर्जा परिवार वंशज को प्राचीन मिंजर मेले के प्रारंभ में परंपरा सहित मात्र शॉल व टॉपी भेंट की जा रही है, जबकि आज दिन तक इस कला के संरक्षण या फिर रियासतकालीन मिर्जा परिवार वंशज को राष्ट्रीय व राज्य सहित जिला स्तरीय सम्मान अथवा किसी अवार्ड से सम्मानित नहीं किया जा सका है, जबकि कला संरक्षण पहलू पर नजर दौड़ाएं तो इस कला से जुड़ी सामग्री तक बाहर से लाई जा रही है, जबकि सरकार व प्रशासन द्वारा इस दिशा में कभी कलाकारों से संरक्षण के लिए मंथन तक करना गवारा नहीं समझा जा रहा है।

**निरीक्षण** विधायक प्रकाश राणा ने किया सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर का दौरा

# अस्पताल को 10 बेड और वाटर कूलर देने का किया वादा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर का दौरा करते हुए विधायक।

जोगिंद्रनगर में फैले पीलिया रोग के लिए जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने जल शक्ति विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है, लेकिन हालात को देख कर कहा जा सकता है कि जल शक्ति विभाग लोगों को शुद्ध पानी मुहैया करवाने में नाकामयाब रहा है।

विधायक ने यह बातें जोगिंद्रनगर अस्पताल में दाखिल मरीजों का कुशलक्षेम जानने के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मरीजों को जूस भी बांटा। विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि पीलिया के मरीजों की यह हालत है कि मरीजों को उपचार के लिए बेड भी उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। एक-एक बेड में दो-दो मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने को मजबूर हैं। दाखिल अधिकतर मरीजों में ज्यादातर बच्चे है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रशासन की लापरवाही से इंकार नहीं किया जा सकता है लगता है कि विभाग फिल्ट बेड के फिल्टर चेंज करने में विफल साबित हुआ है। वह इसके बारे जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि विभाग इस बीमारी से निपटने में पूरी तरह फेल साबित हुआ है। लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने दो-दो वाटर कूलर लगाए, लेकिन विभाग उन्हें भी साफ करने में नाकामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि मौका के हालात देख कर वह चिंतित हैं, लेकिन व्यापार मंडल का वह धन्यवाद करते हैं जो विकट स्थिति में मरीज हर रोज दो समय पानी की बोतलें उपलब्ध करवा रहा है।

राणा ने अपनी ओर से अस्पताल के लिए 10 बेड देने की घोषणा साथ ही कहा कि निकट भविष्य में अस्पताल में एक और वाटर कूलर लगाया जाएगा, ताकि मरीजो को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थियेटर में खराब पड़ी मशीनों बारे सरकार से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने मरीजों की सेवा में लगे चिकित्सकों तथा स्टाफ का भी धन्यवाद किया। इससे पहले एसएमओ रोशनलाल कौंडल ने अस्पताल में इस बीमारी बारे विधायक को अवगत करवाया। इस मौका पर मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, उपाध्यक्ष केहर सिंह तथा राजीव सूद, महासचिव शक्ति राणा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# शिकायत निवारण समिति की बैठक 30 को

**मंडी।** जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक 30 जुलाई को होगी। बैठक की अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति के सचिव रोहित राठौर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक विपाशा सदन मंडी में प्रातः 11 बजे शुरू होगी। इसमें जिले भर की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक में भाग लेने के लिए सभी सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने समिति के गैर सरकारी सदस्यों से आग्रह किया है कि बैठक के लिए मद सूची समय पर उनके कार्यालय में पहुंचा दें, ताकि इन्हें समिति की बैठक में निवारण के लिए रखा जा सके।



### सूडोकु 0006 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0005 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 जुलाई, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** पंचमीः (2:00) **: नक्षत्र :** पूर्वाभाद्रपद (4:17), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** शोभन (7:47) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (2:09 -3:51 ।

### विशेष दिन

» 25 जुलाई 2024 : हरदेव जी पूजा मेला आज।

» 25 जुलाई 2024 : करगिल विजय दिवस कल।

**मेषः** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें, ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे।

**वृषभः** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुनः** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है, इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

**कर्कः** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीददारी होगी।

**सिंहः** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः** आध्यात्मिक सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिस्पर्धियों को आप परास्त कर सकेंगे।

**तुलाः** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है अथवा उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृश्चिकः** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**धनु :** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकरः** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं। मांगलिक प्रसंगों में उपस्थित हो सकते हैं।

**कुंभः** आज वाद-विवाद में न पड़ें, अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीनः** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। बुजुर्गों और उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने के कारण आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।

# महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर का किया आयोजन

विनोद शर्मा, लठियानी। उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत हटली के केसरू में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना के तहत सौ दिन विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत वृत्त स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला पंचायत हटली केसरु में शिविर लगाया गया। इस दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा पर महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की हिंसा या प्रताड़ना की शिकार महिलाएं वन स्टॉप सेंटर में पांच दिन के लिए अस्थायी आवास प्राप्त कर सकती हैं।

इस दौरान पीड़ित महिला को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। जेंडर, स्पेशलिस्ट कृति शर्मा ने महिलाओं को विभागीय योजनाओ के बारे में जानकारी दी। वृत पर्यवेक्षक सुनीता देवी नै घरेलू हिंसा एक्ट 2005 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी अदालत व महिला हेल्पलाइन के बारे में अवगत करवाया। ग्राम पंचायत उपप्रधान सुरेंद्र व वार्ड पंच, सतपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से श्रुति शर्मा के वृत्त पर्यवेक्षक सुनीता देवी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन के साथ सड़कों पर भी दादागिरी

## जिले में अर्से से अवैध खनन माफिया स्वां नदी का चीरहरण करने में जुटा हुआ है

राजेश शर्मा, ऊना

ऊना जिले में अवैध खनन और उसके बाद सड़कों पर सरपट दौड़ते टिप्पर चालक हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। खनन करने वाले लोग अब दिनदहाड़े भी वाहनों को लेकर दौड़ रहे हैं। यहां तक कि इससे सड़क हादसे होने का खतरा बना हुआ है।

जिला ऊना में अरसे से अवैध खनन माफिया स्वां नदी का चीरहरण करने में जुटा हुआ है। जिला ऊना के जनकौर, संतोषगढ़, फतेहपुर, बाथड़ी, रामपुर क्षेत्र खनन माफिया के गढ़ बने हुए हैं। लूणखरी खड्ड में कोटला, मिट्ट धतोल, अरलू, तलमेट इन क्षेत्रों में दिन-रात खनन हो रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन लगातार खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में ला रहा है, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन का गोरखधंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

पुलिस द्वारा हाल ही में जिला भर में कुल कई वाहनों के चालान काट लाखों रुपए जुर्माना प्राप्त किया है। जिला ऊना में हाल ही में उफान पर आई स्वां नदी व सहायक खड्डें रेत से



अवैध खनन के कार्यों में संलिप्त ट्रक कभी भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं।

भर गई हैं, ऐसे में खनन माफिया फिर से अपने मंसूबों में जुट गया है। स्वां नदी में दिन-रात अवैध खनन को अंजाम दिया है। स्वां का रेत पंजाब में पहुंचाया जा रहा है। बड़े-बड़े टिप्पर क्षेत्र में रेते लेकर आम देखे जा सकते हैं। इन बड़े-बड़े वाहनों से क्षेत्र की सडकें तो क्षतिग्रस्त हो ही रही हैं, वहीं बहुमूल्य संपदा को पंजाब में पहुंचाया जा रहा है। बाथड़ी क्षेत्र में तो पंजाब के ट्रैक्टर चालकों ने चोर रास्ते तक बना लिए हैं। इन रास्तों का प्रयोग केवल रेत ढोने के लिए किया जा रहा है।

हाालांकि सरकार ने अवैध खनन को रोकने के लिए कई विभागों को शक्तियां प्रदान की हैं, लेकिन अकेले पुलिस प्रशासन ही खनन माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। पुलिस आए दिन रेत लेकर जा रहे वाहनों के चालान काट रही है। इसके अलावा स्वां नदी व खडडों का निरीक्षण किया जा रहा है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन का काम जोरों-शोरों से चल रहा है।

अवैध खनन के चलते स्वां नदी व खड्डों की चैनालाइजेशन को भी भारी नुकसान हो रहा है। हालांकि अब सरकार ने नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं, लेकिन खनन माफिया को इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। खनन माफिया और अवैध खनन से जुड़े कई ऐसे वाहन जो ओवरलोड होकर बिना तिरपाल के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, इससे सड़कों पर हादसों का खतरा भी बना हुआ है। यह समस्या ऊना से संतोषगढ़ मार्ग और हरोली क्षेत्र में देखी जा सकती है। एएसपी सुरेंद्र शर्मा का कहना है कि ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है, जो पकड़ में आए हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# कैप्टन अमोल कालिया के परिजन कारगिल पहुंचे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

अमर शहीद बलिदानी कैप्टन अमोल कालिया के परिजन कारगिल युद्ध के तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे। रजत जयंती पर होने वाले समारोह के लिए वे कारगिल पहुंच गए हैं। अमोल कालिया के पिता सतपाल कालिया ने कहा कि ऊना जिला प्रशासन उनके बेटे के बलिदान को याद रखने के लिए कोई कार्यक्रम तक आयोजित नहीं करता और न ही उन्हें किसी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता रहा है।

अमर शहीद बलिदानी कैप्टन अमोल कालिया कारगिल युद्ध के वह हीरो रहे हैं, जो खुद तो बलिदान हो गए, लेकिन अपनी शहादत के निशान सदा के लिए छोड़ गए। ऐसे बलिदानियों पर हर किसी को नाज होना चाहिए जिन्होंने महज 25 वर्ष की आयु में देश के लिए हंसते-हंसते बलिदान दिया है। मरणोपरांत वीर च्रक्र पाने वाले कैप्टन आमोल कालिया अविवाहित थे।

हालांकि परिवार ने आमोल की पुरानी यादों को घर में संजोकर रखा हुआ है। भारत के प्रति अमर प्रेम व पाकिस्तान के प्रति गुस्सा आज भी उनके घर की छत पर रखी गई तोप के मॉडल के मुंह को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। अमर शहीद बलिदानी अमोल कालिया के पिता सतपाल कालिया ने कहा कि उनके बेटे ने दुश्मनों से डटकर मुकाबला कर देश की आन-बान-शान के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। कालिया ने कहा कि उन्हें बेटा खोने का गम तो है, लेकिन साथ ही अपने पुत्र के बलिदान पर आज भी वे नाज करते हैं।

कालिया ने कहा कि उन्हें इस बात का बड़ा दुख है कि ऊना जिला प्रशासन उनके बेटे के बलिदान को याद रखने के लिए कोई कार्यक्रम तक आयोजित नहीं करता और न ही उन्हें किसी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता है। इसके चलते वह कार्यक्रम के दो दिन पहले कारगिल के लिए परिवार समेत रवाना हो गए हैं क्योंकि कारगिल दिवस के समारोह में उन्हें पहले की तरह ही आज भी सम्मान मिलता है।

कैप्टन अमोल कालिया ऊना जिले के चिंतपूर्णी के थे और उनका परिवार नया नंगल पंजाब में रहता है। कालिया की यादों को ताजा रखने के लिए परिवार ने उनकी हर चीज को सहेजकर रखा है। इसमें एक मारुति कार भी है।

# पेड़-पौधे हैं धरती का श्रृंगार : नप अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार होते हैं। इन्हें जितनी ज्यादा संख्या में लगाया जाएगा, उतना ही धरती मां सुंदर व स्वच्छ बनेगी। यह बात ऊना मुख्यालय पर वार्ड 4 में सत्संग भवन के समीप नगर परिषद द्वारा नवनिर्मित पार्क में इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा आयोजित पौधरोपण समारोह में अपने संबोधन में नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कही।

इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष विनोद पुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इ दौरान 30 से अधिक सजावटी पौधे रोपित किए। नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि हर नागरिक को पौधा लगाने व उसके संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण में असंतुलन के दौर को पौधरोपण से ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद ने वार्ड 4 में लोगों की सुविधा के लिए पार्क का निर्माण किया है तथा इसके कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस पार्क में सजावटी व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने




नगर परिषद अध्यक्ष इन्नर व्हील क्लब की सदस्यों के साथ पौधरोपण करते हुए।

इन्नर व्हील क्लब द्वारा पार्क में 30 के करीब सजावटी पौधे लगाने पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इन्नर व्हील क्लब की सदस्याएं समाज कल्याण के कार्यों में जुटी रहती हैं तथा नगर परिषद उन्हें हरसंभव मदद मुहैया करवाएगी। कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष विनोद पुरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने पौधोपण अभियान की सराहना की। इस अवसर पर क्लब की प्रधान रमा कंवर ने कहा कि यदि धरती का बचाना है तो हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने पड़ेंगे। क्लब की सचिव शोभा सोनी ने कहा कि इन्नर व्हील क्लब लंबे समय से सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाता आ रहा है।

पौधारोपण के कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष विनोद पुरी, इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, पूर्व प्रधान सीमा वशिष्ठ, सुषमा वशिष्ठ, कैशियर रेखा शर्मा, संयुक्त सचिव अमरजीत बबली, सदस्य पूजा कपिला, रंजना जसवाल, कमला कंवर, रमा कालिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# इंग्लिश, बिजनेस और इंटरव्यू स्किल की दी जानकारी



अनंत ज्ञान, बंगाणा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम शिमला की ओर से एकदिवसीय सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक मीनाक्षी ठाकुर ने बताया कि आज महाविद्यालय में महाविद्यालय के 60 छात्रों को ट्रिपल ई यानि इंग्लिश इंपोलाइमेंट एंटरप्रेन्योरशिप कोर्स , 6 माह का सर्टिफिकेट प्रदान की गई।

इस दौरान छात्रों को इंग्लिश स्किल, बिजनेस स्किल और इंटरव्यू स्किल के बारे में जानकारी प्रदान की गई जो कि छात्रों को आगामी नौकरी में उन्हें काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमेश ठाकुर, उपप्राचार्य रेखा शर्मा, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक मीनाक्षी ठाकुर, प्रोफेसर अनुलखनपाल और ट्रिपल ई के प्रशिक्षक अपूर्वा आदि मौजूद रहे।

# टीचिंग टूल्स को प्रयोग करने के तरीके सीखे

अनंत ज्ञान, ऊना

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में अध्यापकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप शालिनी तायल द्वारा ली गई जो कि एक प्रख्यात प्रशिक्षक, कहानीकार, शिक्षिका तथा प्रेरक वक्ता हैं।

वर्कशॉप में स्कूल के शिक्षकों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत हैप्पी क्लासरूम, स्टोरी टेलिंग तथा आर्ट इंटीग्रेशन के विभिन्न रूपों को टीचिंग टूल के तौर पर प्रयोग करने के तरीके सीखे। शालिनी ने बताया कि एक खुशहाल कक्षा वह होती है, जहां छात्र शारीरिक और भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने बताया कि कहानी कहने की कला सभी उम्र के लोगों लिए सुलभ होती है।

कहानी कल्पनाशील स्थितियों को प्रस्तुत करके स्कूली बच्चों को रचनात्मक, व्यक्तिगत मूल्य की ओर मार्गदर्शन करने का एक सुलभ तरीका है। आर्ट इंटीग्रेशन का उद्देश्य विभिन्न विषय क्षेत्रों में कला को शामिल करने की रणनीति से लैस करवाना है, जिससे छात्रों की सहभागिता और सीखने के परिणाम में वृद्धि हो सके। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत शिक्षकों से सेमिनार में बताए गए आधुनिकतम तरीकों को अपने विषयों में लागू करने का आह्वान किया।

स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने शालिनी तायल तथा उनके साथ आए मैकमिलन पब्लिशर्स के मैनेजर राहुल वालिया तथा एजुकेशन प्रोडक्ट मैनेजर श्वेता शर्मा का धन्यवाद किया।



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में आयोजित वर्कशॉप में हिस्सा लेने वाले अध्यापक।

# रोजगारोन्मुखी है केंद्र सरकार का बजट : चैतन्य शर्मा

विवेक शर्मा, अंब

केंद्र की मोदी 3 सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट रोजगारन्मुखी होने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला है। उक्त शब्द गगरेट के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने कहे।

चैतन्य शर्मा ने कहा कि आम बजट में युवाओं का खास ख्याल रखा गया है और इंटर्नशिप से लेकर सस्ते लोन का ऐलान किया है, जिसमें सरकार एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर देगी और इस दौरान युवाओं को 6 हजार रुपए का मानदेय भी दिया जाएगा। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, सरकार हर साल एक लाख छात्रों को सीधे ई-वाउचर देगी, जिसमें ऋण राशि पर 3 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी होगी। सरकार स्थानीय संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता की व्यवस्था भी करने जा रही है, जो कि सराहनीय कदम है। बजट में अन्नदाताओं, महिलाओं और बालिकाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



उन्होंने कहा कि तीन करोड़ गरीब परिवारों व मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए पीएम आवास योजना के तहत नए घर बनाए जाएंगे। इसके विपरीत प्रदेश कांग्रेस सरकार ने तो मात्र झूठे वादे कर जनता को ठगा है। युवाओं को न रोजगार मिला और न महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह क्योंकि 1500 रुपए देने के नाम पर कोई न कोई नई शर्त थोपी जा रही है जबकि 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस ने भाजपा के शासनकाल से दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली भी बंद कर दी है जी जनता के साथ धोखा है। (अनंत ज्ञान)

# लोगों को जल्द मिलेंगी सारी सुविधाएं : विवेक

राजेश ठाकुर, बंगाणा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने खंड बिकास भवन बंगाणा के मीटिंग हॉल में विकास खंड अधिकारी बंगाणा सुभाष अत्री, तकनीकी सहायकों, ग्राम रोजगार सेवकों, पंचायत सचिवों, प्रधानों, उपप्रधानों के साथ आयोजित मासिक बैठक की। बैठक में विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड तलब करवाया कि उपमंडल बंगाणा की प्रत्येक पंचायत में कितने विकास कार्य प्रगति पर है और कितने कार्य पूर्ण हुए हैं व कितने अधूरे हैं, उसकी पूरी जानकारी प्रस्तुत करवाई।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में विकास के लिए धन की कमी नहीं आएगी, लेकिन पंचायत सचिव, ग्राम सेवक कर्मचारी ईमानदारी से पंचायत के विकास कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्तयोग से कुटलैहड़ विस क्षेत्र की हर पंचायत में करोड़ों के विकास कार्य प्रगति पर चले हुए हैं, लेकिन कुछ जगहों पर विकास कार्य ठप होने



पंचायतों के विकास कार्यों का जायजा लेते विधायक विवेक शर्मा।

के कारण आम जनता को भी परेशानी हो रही है, इसलिए अगली मासिक बैठक में हर पंचायत सचिव अपनी पंचायत के विकास की रिपार्ट सही और पूर्ण रूप से प्रस्तुत करे और किस पंचायत में क्या विकास कार्य जरूरी हैं, का खाखा बनाकर हमें प्रदान करें, ताकि हम उक्त विकास कार्यों के लिए धन मुहैया करवा सकें।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के मूलभूत ढांचे, जो बीते 20 वर्षों से खराब चल रहे हैं, के सुधार के लिए समय तो लगेगा। इसके लिए हमने मुख्यमंत्री सुक्खू से कुटलैहड़ की बड़ी समस्याओं के बारे में विशेष चर्चा भी की है, जल्द सारी मूलभूत सुविधाएं जनता को सुचारु रूप से उपलब्ध होंगी। इस मौके पर जिला महासचिव केसी शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सुदेश शर्मा, बीडीसी सदस्य अच्छरो बीवी, कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार, सचिन शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सेवक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष वैस, कार्यकारी के अध्यक्ष सुरेश कुमार, अभिषेक शर्मा, जिला महासचिव, युवा कांग्रेस, पूर्व प्रधान लाठयानी महेंद्र सिंह, प्रधान पूनम, राजकुमार, रमन, सुषमा देवी, दर्शन सिंह व केवल कृष्ण, यशपाल, मोहित शर्मा, रवि, लेख भारती, अजय के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।

# आज लठियानी में लगेगा श्रमिक जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण, कामगार कल्याण बोर्ड कि तरफ से ग्राम पंचायत लठियानी मे 25 जुलाई वीरवार को 11 बजे स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांवों में जो कामगार मजदूरी का काम करते हैं, उनको पंजीकरण के बारे मे बताया जाएगा।

मनरेगा में कौन-कौन से कामगार आएंगे, इसके बारे में बताया जाएगा। पंजीकृत लाभार्थियों का स्वस्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी और निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। इसमें श्रमिक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ उठा सकते हैं।

# एक सप्ताह के भीतर जमा करवाएं वाहनों के टैक्स : एसडीएम गोयल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल ने हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम 1972 और मोटर वाहन अधिनियम 1989 में वाहनों पर वन टाइम टैक्स जमा करवाने वाले करदाताओं को एक सप्ताह के भीतर टैक्स जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 30 जून, 2018 के उपरांत हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1972 के पूर्व प्रावधानों और मोटर वाहन अधिनियम, 1989 पर एकमुश्त कर के संदर्भ में जुर्माने के साथ भुगतान नहीं किया है, वे जल्द ही जुर्माने के साथ टैक्स जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की स्थिति में व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि देय करों का वास्तविक मूल्यांकन ऐसे बकाया के वास्तविक भुगतान की तारीख और प्रासंगिक दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर भिन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित वाहन के विरुद्ध ऐसे करों का भुगतान किया गया है, तो ऐसे भुगतान का प्रमाण उपरोक्त अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जाना है। (अनंत ज्ञान)

पहल | स्वच्छ भारत मिशन के तहत सुंदर बनेंगे पर्यटन स्थल, पर्यटन इकाइयों को मिलेगा स्वच्छता का प्रमाण पत्र

# ऊना जिले में लागू होगा ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

ऊना जिले में पर्यटन स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जल्द ही 'ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम' लागू होगा। इस रेटिंग सिस्टम का उद्देश्य पर्यटक इकाइयों की स्वच्छता को प्रमाणीकरण प्रदान करना है, जिससे न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ऊना विश्वमोहन देव चौहान की अध्यक्षता में ऊना उपमंडल में इस सिस्टम को लागू करने के लिए मंगलवार को उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय व्यापार संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में उपपमंडल में स्थित सभी होटल, रेस्टोरेंट, रिजॉर्ट, धर्मशाला और होमस्टे जैसी



उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ऊना विश्वमोहन की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इकाइयों को स्वच्छता मानकों को लेकर स्वत: मूल्यांकन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इन इकाइयों को निर्धारित प्रपत्र पर स्व-मूल्यांकन की रिपोर्ट उपायुक्त ऊना को सौंपनी होगी।

इसके बाद, मंडलीय समिति द्वारा सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर जिला समिति पर्यटक इकाइयों को एक पत्ती, तीन पत्ती और पांच पत्ती के अनुसार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी करेगी। प्रस्तावित रेटिंग प्रणाली के तहत कुल 200 अंक निर्धारित हैं, जिनमें मानव मल कीचड़ प्रबंधन के लिए 80 अंक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 80 अंक, और ग्रे वॉटर प्रबंधन के लिए 40 अंक शामिल हैं।

स्वच्छता मानकों का पालन करने वाली इकाइयां अपनी संपत्ति या पब्लिक वेबसाइट पर रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदर्शित कर सकेंगी और इसका उपयोग ब्रांडिंग के लिए भी कर सकेंगी। बता दें, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत सुरक्षित स्वच्छता के कुछ मानदंड बनाए गए हैं जिनका आतिथ्य सुविधाओं से पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

विश्वमोहन देव चौहान ने बताया कि यह पहल स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटक इकाइयों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी प्रोत्साहित करेगी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के मानकों को अपनाने और उनका पालन करने से आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार होगा और इससे संबंधित जागरूकता भी फैलेगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी एक नई दिशा देना है। स्थानीय व्यवसायों और पर्यटन इकाइयों ने इस पहल का स्वागत किया है और आशा जताई है कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

बैठक में खंड विकास अधिकारी ऊना केएल वर्मा, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ऊना, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद ऊना, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग और विद्युत उपमंडल ऊना के अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी ऊना, टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष और व्यापार मंडल ऊना के प्रधान उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### खालसा कॉलेज में दाखिला 31 जुलाई तक



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** बेहतरीन शिक्षा और सुविधाओं से परिपूर्ण मोहाली 3-ए स्थित खालसा कॉलेज (अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, फेज 3-ए, मोहाली में विद्यार्थी अपना दाखिला 31 जुलाई तक करवा सकते हैं। इस तारीख को विद्यार्थियों के अनुरूप बढ़ाया भी जा सकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खालसा कॉलेज (अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज की प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी ने बताया कि खालसा कॉलेज मोहाली खालसा कॉलेज चैरिटेबल सोसाइटी, अमृतसर के तत्वावधान में चलाया जा रहा है, जोकि पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला से एफिलिएटिड है, जोकि विभिन्न कोर्सो के माध्यमों से शिक्षा का अलख विद्यार्थियों में जगा रहा है। इस कॉलेज में विद्यार्थी बीए, बीसीए, बीबीए, बी कॉम, बी कॉम (ऑनर्स), एमबीए, एमएससी आई टी, एमए सोशियोलॉजी, एम कॉम, पीजीडीसीए जैसे ग्रेजुएशन व पोस्टग्रेजुएट कोर्स कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री धामी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**जगदीश शर्मा, देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडे, आईजी पुलिस गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने वीआईपी हैलिपैड पर उनका स्वागत किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ मंदिर में प्रवेश कर विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण की कामना की। (अनंत ज्ञान)



### पुलिस ने 10 हजार के इनामी ठग को दबोचा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** संतोष कुमार निवासी नौगांव धौलछीना ने चंडीगढ़ निवासी द्वारा विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 11 लाख रुपए हड़पने व पुलिस रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी । इस पर थाना धौलछीना में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। देवेंद्र पींचा एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा फरार चल रहे 11 लाख रुपए की ठगी करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 10,000 रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। 11 लाख की ठगी करने वाले अभियुक्त असीम बिज को चंडीगढ़(पंजाब) से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी में एसओजी प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा भी सहयोग किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार, सुरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र बड़ाल शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान का पोलीग्राफ जांच कराने से इनकार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल नौ मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है। बारह सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब नौ मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था।

### फिलीपीन में बारिश से 13 लोगों की मौत



**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और 13 लोगों की जान चली गई। छह लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है, लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है। अशांत समुद्र के कारण मछली पकड़ने वाली नौकाओं को बंदरगाह पर वापस बुला लिया गया, जबकि हवाई यात्री कई उड़ानों के रद्द होने के कारण तूफान आने से पहले विदेश जाने वाली उड़ानों को पकड़ने की जल्दी में दिखे।

### पेट्रोनेट का शुद्ध लाभ 40% बढ़कर 1,101 करोड़

**नई दिल्ली।** देश में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की सबसे बड़ी आयातक कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने गैस की मात्रा में वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के शुद्ध लाभ में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 1,100.76 करोड़ रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 787.73 करोड़ रुपए था। आलोच्य अवधि में पेट्रोनेट एलएनजी का परिचालन राजस्व भी सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 13,415.13 करोड़ रुपए हो गया।

### एक करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में नेपाल की सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की। सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि देर रात बहराइच जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र स्थित नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन के निकट दो लोग रेलवे ट्रैक की ओर जा रहे थे तभी संयुक्त गश्ती दल ने उन्हें रोका। शक के आधार पर दोनों की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 140 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# नेशनल हाइवे के किनारे लगेंगे 5,833 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 750 तो हरियाणा में 284 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का प्लान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।




केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि 7,432 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए तीनों सरकारी तेल वितरण कंपनियों को 800 करोड़ रुपए की पूंजीगत सहायता दी जाएगी। मौजूदा 5,293 ईवी चार्जिंग स्टेशन में से 4,729 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सेटअप किए गए हैं, जिसमें करीब 178 करोड़ रुपए का खर्च आया है। गडकरी ने कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 5,833 ईवी चार्जिंग स्टेशन हाईवे के किनारे लगाए जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए कोई भी पावर स्टेशन बनाने का कोई प्लान नहीं बनाया है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 750 ईवी चार्जिंग स्टेशन है।

इसके बाद उत्तर प्रदेश में 577, राजस्थान में 482, तमिलनाडु में 369, कर्नाटक में 300 और हरियाणा में 284 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। ग्रीन मोबिलिटी और इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) 2024 की आखिरी तारीख 31 जुलाई तय की गई है।

## चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

**एजेंसी, बीजिंग**



चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अनुसंधान रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुई।

सीएएस ने मंगलवार को कहा कि 2020 में 'चांग ई-5' मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से 'युक्त' एक जलयोजित खनिज पाया है।

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था।

इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था, जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है, जिसने चंद्रमा पर खनिजों में पानी की खोज की पुष्टि करने में मदद की।

## विपक्षी गठबंधन के सांसदों ने किया 'भेदभावपूर्ण बजट' के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ किए गए ''भेदभाव और अन्याय'' के खिलाफ बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।

इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए।



'भेदभावपूर्ण बजट' के खिलाफ संसद के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी गठबंधन के सांसद।

राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा, ''आज, विपक्षी गठबंधन के सांसदों के साथ संसद भवन के परिसर में राजग के 'कुर्सी बचाओ बजट' के विरुद्ध प्रदर्शन किया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन हिंदुस्तान के हर राज्य को समान न्याय दिलाने के लिए आवाज़ उठाता रहेगा।

खरगे के आवास पर मंगलवार शाम विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के सदन के नेताओं की बैठक में इस मुद्दे को लेकर संसद के बाहर और भीतर विरोध जताने का फैसला किया गया था।

## दिल्ली सरकार ने देश का सबसे बड़ा कांवड़ शिविर स्थापित किया

**नई दिल्ली।** राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने 20,000 लोगों के ठहरने की व्यवस्था करते हुए कश्मीरी गेट पर देश का सबसे बड़ा कांवड़ शिविर लगाया है। आतिशी ने तैयारियों का जायजा लेने के लिए इस कांवड़ शिविर का दौरा किया और उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर प्रशासन को चौकस रहने का निर्देश दिया।

मंत्री ने कहा कि शिविर में पुरूष एवं महिला कांवड़ियों के लिए अलग-अलग हॉल हैं तथा 'प्रसाद' ग्रहण करने के लिए विशाल भोजन कक्ष है।

आतिशी ने कहा, '' दिल्ली भर में 185 कांवड़ शिविर लगाए गए हैं जहां 'वाटरप्रूफ टेंट', सोने की व्यवस्था, स्वच्छ पानी एवं शौचालय आदि सुविधाएं हैं। शिविरों में चौबीसों घंटे चिकित्साकर्मी मौजूद रहेंगे ताकि जरूरत पड़ने पर कावंड़ियों को तत्काल इलाज मुहैया कराया जा सके।''

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व में नतीजे उम्मादों के मुताबिक नहीं रहने से इसके शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

इसके उलट टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बजट में तंबाकू उत्पादों पर कोई नया कर नहीं लगाने की घोषणा से आईटीसी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

## एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक : राहुल गांधी

**नई दिली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी गठबंधन सरकार पर दबाव बनाएगा। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की है।



## बजट में रेलवे विस्तार के लिए हिमाचल को मिलेंगे 2,698 करोड़ : वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय बजट 2024-25 में रेलवे विस्तार के लिए हिमाचल प्रदेश को 2,698 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राज्यवार बजट आवंटन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे के बजट में पहाड़ी राज्य हिमाचल को अधिमान दिया गया है।



यूपीए की सरकार में जहां महज 108 करोड़ रुपए प्रदेश को मिलते थे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसमें करीब 25 गुना की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि भानुपल्ली-लेह योजना समेत अन्य रेल लाइनों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। हिमालयन क्षेत्र में रेलवे विस्तार एक चुनौती है। इसको देखते हुए केंद्र सरकार यहां पर सुरक्षित रेलवे विस्तार पर ध्यान दे रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना 2024 के अंतर्गत प्रदेश के चार रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए स्तरोन्नत किया जा रहा है। इसमें ऐतिहासिक शिमला रेलवे स्टेशन के अलावा अंब-इंदौरा, बैजनाथ-पपरोला और पालमपुर रेलवे स्टेशन को शामिल किया गया है।

प्रदेश में 100 फीसदी रेल विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। इसमें यूनेस्को की धरोहर होने के कारण कालका-शिमला ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन को शामिल नहीं किया गया है। 300 करोड़ का बजट चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन के लिए रखा गया है।

## भारत-ब्रिटेन के बीच 'एफटीए' हमारी महत्वाकांक्षाओं की अधिकतम सीमा नहीं बल्कि आधार है : डेविड लैमी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली। लैमी ने मुक्त व्यापार समझौते को वार्ता करने और विकास प्रदान करने की महत्वाकांक्षाओं की अधिकतम सीमा नहीं, बल्कि आधार बताया। ब्रिटेन में पांच जुलाई को प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह भारत और ब्रिटेन के बीच पहली उच्च स्तरीय वार्ता है।



लैमी ने कहा कि भारत 21वीं सदी की उभरती हुई महाशक्ति है। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा देश है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा, हमारी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता हमारी महत्वाकांक्षाओं की अधिकतम सीमा नहीं बल्कि आधार है, जो हमारी साझा क्षमता को विस्तृत करने और बेंगलुरु से बर्मिंघम तक विकास करने की हमारी इच्छा से संबंधित है। विदेश मंत्री लैमी के हवाले से कहा गया कि ब्रिटेन और भारत ने हरित परिवर्तन, नयी प्रौद्योगिकियों, आर्थिक सुरक्षा और वैश्विक सुरक्षा के मुद्दे पर समान हित साझा किए हैं।

## मेक्सिको में कारखाने में विस्फोट से लगी आग, 5 श्रमिकों की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**

**मेक्सिको** के जालिस्को राज्य में एक शराब के कारखाने में विस्फोट होने और आग लगने से पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

राज्य नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि पांच लोगों की मौत की पुष्टि की गई है और एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि आपात सेवाओं ने एहतियात के तौर पर कारखाने के आसपास के इलाके को खाली करा लिया है, लेकिन लोगों को घर लौटने की अनुमति दे दी गई। राज्य के नागरिक सुरक्षा निदेशक विक्टर ह्यूगो रोल्डन ने बताया कि विशेषज्ञ यह जांच कर रहे हैं कि विस्फोट की वजह क्या थी।

## 1991 का बजट ऐतिहासिक, अब फिर से ठोस सुधारों की जरूरत : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बोले- यह सरकार बचाओ बजट है**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1991 के ऐतिहासिक केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर बुधवार को कहा कि उदारीकरण वाले उस बजट ने देश में क्रांति ला दी और इस उपलब्धि पर उनकी पार्टी को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की सख्त जरूरत है, जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 भारत के इतिहास में उदारीकरण बजट के रूप में एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की थी।

उन्होंने कहा कि इस दूरदर्शी कदम ने देश में क्रांति ला दी, मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया और लाखों लोगों को गरीबी और हाशिए से ऊपर उठाया। खड़गे ने कहा कि यह मोदी सरकार बचाओ बजट है। ठीक तरह से कॉपी भी नहीं, नकलची बजट है।

आज ही के दिन 33 साल पहले वह दिन था जब नई औद्योगिक नीति का अनावरण किया गया था, जिसने परिवर्तन के साथ निरंतरता के दर्शन पर आधारित भारत के आर्थिक परिवर्तन को प्रेरित किया।

**रैंकिंग** सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे ताकतवर; भारत के पासपोर्ट पर 58 देशों में वीजा फ्री एंट्री

## सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट लिस्ट में भारत 82वें स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सिंगापुर** का पासपोर्ट दुनिया में सबसे ताकतवर पासपोर्ट है, जबकि भारत को 82वां स्थान मिला है। भारत ने पिछली बार से थोड़ा निराशाजनक प्रदर्शन किया है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे मजबूत पासपोर्ट है, जिसके नागरिक दुनिया के 227 डेस्टिनेशन में से 195 डेस्टिनेशन्स पर वीजा फ्री यानी बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं।

ऑर्गेनाइजेशन हेनले एंड पार्टनर्स ने दुनिया के सबसे पावरफुल पासपोर्ट की रैंकिंग जारी कर दी है। रैंकिंग लिस्ट हर साल जनवरी और जुलाई माह में जारी की जाती है। जनवरी में जारी हुए इंडेक्स के मुकाबले भारत की रैंकिंग में 3 पायदान का इजाफा हुआ है। भारत के पासपोर्ट पर 58 देशों में वीजा फ्री एंट्री है। इससे पहले जनवरी में हुए जारी इंडेक्स में भारत की रैंकिंग में 5 स्थान की गिरावट आई थी।




साल 2023 में भारत 80वें स्थान पर था। हेनले एंड पार्टनर्स की लिस्ट के अनुसार, दूसरे स्थान पर जापान के साथ फ्रांस, इटली, जर्मनी और स्पेन है, जहां के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा फ्री यात्रा की जा सकती है। 191 देशों में फ्री वीजा एंट्री के साथ ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, साउथ कोरिया और स्वीडन तीसरे स्थान पर रहे। ये रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के डाटा के आधार पर जारी की गई है।

### पाकिस्तान के पास दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट

**भारत** के पड़ोसी देश पाकिस्तान के पास दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तान की पासपोर्ट रैंकिंग 100 है। यहां के नागरिक 33 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। करीब 2 साल से जारी जंग के बावजूद यूक्रेन का पासपोर्ट न सिर्फ भारत, बल्कि रूस के पासपोर्ट से भी ज्यादा पावरफुल है। हेनली एंड पार्टनर्स की रैंकिंग में यूक्रेन के पासपोर्ट को 30वां स्थान मिला है। यहां के नागरिक 148 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। वहीं, रूस के पासपोर्ट की रैंकिंग 45 है। रूसी नागरिक 116 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। 10 महीनों से हमास के साथ युद्ध लड़ रहे इसराइल की पासपोर्ट रैंकिंग 18 है। अफगानिस्तान का पासपोर्ट 103वीं रैंक के साथ दुनिया का सबसे कमजोर पासपोर्ट है। अफगानिस्तान के पासपोर्ट पर सिर्फ 26 देशों में वीजा फ्री यात्रा की जा सकती है। पाकिस्तान ने हर बार की तरह इस बार भी पासपोर्ट इंडेक्स में बेहद खराब प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान नीचे से पांचवें स्थान पर है। 103 देशों की लिस्ट में पाकिस्तान 100वें स्थान पर है। पाकिस्तान के नागरिक 33 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।

## अब तक चार लाख से अधिक भक्त कर चुके हैं बाबा बर्फानी के दर्शन

### अमरनाथ यात्रा : 2,900 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**एजेंसी, जम्मू**

**अमरनाथ** यात्रा के लिए रवाना बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू से 2,900 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ।

चार लाख से अधिक तीर्थयात्री पहले ही बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या साढ़े चार लाख से अधिक थी। भगवती नगर आधार शिविर से 103 वाहनों में 2,907 तीर्थयात्रियों का 27वां जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संरक्षण में तड़के 3:40 बजे रवाना हुआ। जत्थे में 2,194 पुरुष, 598 महिलाएं, 11 बच्चे और 104 साधु शामिल हैं। 1,773 तीर्थयात्रियों ने पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग को, जबकि 1,134 ने छोटा लेकिन कठिन 14 किलोमीटर बालटाल मार्ग को चुना है।



# अनूठा, अपारंपरिक होगा पेरिस ओलंपिक, कम संसाधन में अधिक करने की कोशिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस 100 साल के लंबे अंतराल के बाद खेल के महाकुंभ कहे जाने वाले ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 26 जुलाई से होने वाले इन खेलों में दुनिया भर के 10,500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**पेरिस ओलंपिक 1 दिन शेष**

फैशन की राजधानी माने जाने वाले इस शहर में होने वाले ओलंपिक खेल हर मायने में अनूठा और अपारंपरिक होगा। आइएं एक नजर डालते हैं ये खेल किस तरह से कम खर्च में आयोजित होंगे।

## 'सर्कुलर इकोनॉमी' मॉडल पर होंगे खेल, खेलों का 95 प्रतिशत आयोजन पुराने या अस्थायी स्थल पर होगा

आमतौर पर ओलंपिक जैसे आयोजन के लिए नए खेल स्थलों का निर्माण होता है, लेकिन पेरिस इस मामले में अनूठा है क्योंकि यह शहर खुद ही आयोजन स्थल बन गया है। इन खेलों का 95 प्रतिशत आयोजन पुराने या अस्थायी स्थल पर होगा। इन खेलों के लिए नए बुनियादी ढांचे के निर्माण पर पैसा खर्च करने के बजाय, बजट का उपयोग मौजूदा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और शहर की प्रसिद्ध जगहों के आसपास अस्थायी स्थल का निर्माण करने के लिए किया गया जो प्रभावशाली पृष्ठभूमि के रूप में काम करेंगे। पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन समारोह सीन नदी पर आयोजित किया जाएगा।

इन खेलों में सकारात्मक बात यह है कि खेलों को 'सर्कुलर इकोनॉमी' मॉडल पर किया जा रहा है जिसका अर्थ है कि मौजूदा सामग्री को जितना संभव हो उतना साझा करना, पट्टे पर देना, नवीनीकरण और पुनर्चक्रण करना है। 35 प्रतियोगिता स्थलों में से केवल दो नए मैदान बनाए गए हैं और उनमें से एक एक्वेटिक्स सेंटर को कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लकड़ी का उपयोग करके बनाया गया है। पेरिस ओलंपिक में कम संसाधनों का बेहतर उपयोग किया गया है। इन खेलों के दौरान उपयोग किए जाने वाले खेल उपकरण मोटे तौर पर 20 लाख की संख्या में होने का अनुमान है, जिनमें से 15 लाख खेल महासंघों को उधार या किराए पर दिए जाएंगे।


उद्घाटन समारोह सीन नदी पर

खेलों के दौरान इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटर और प्रिंटर भी किराए पर दिए जाएंगे। बेहतर उपयोग के लिए कम संसाधनों का उपयोग करने की नीति का पालन करते हुए, फर्नीचर से जुड़ी वस्तुओं की संख्या भी शुरुआत में अनुमानित आठ लाख से घटाकर छह लाख कर दी गई है। इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों का उपयोग किया जाएगा और पिछले ओलंपिक की तुलना में संख्या 40 प्रतिशत तक कम कर दी गई है। जनरेटर भी जैव ईंधन, हाइड्रोजन या बैटरी द्वारा संचालित होंगे।

### पहले से तीन गुना अधिक खिलाड़ियों की मेजबानी

**पेरिस** ने ठीक 100 साल पहले अपने पिछले ओलंपिक की मेजबानी की थी। उस समय उसका वैश्विक खेल आयोजित करने का विचार काफी हद तक शांति को बढ़ावा देने और दुनिया को एकजुट करने का था। 100 साल के बाद भी यह विचार कमोबेश कायम है, लेकिन अब खेलों में उत्कृष्टता का महत्व अधिक हो गया है। पेरिस में 1924 में हुए खेलों में 44 देशों के 3,000 से कुछ अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की थी, लेकिन अब यह शहर लगभग 10,500 खिलाड़ियों की मेजबानी के लिए तैयार है।

### दिखेगी लैंगिक समानता

**पहली** बार 10,500 खिलाड़ियों में से आधी महिलाएं होंगी, जो लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। टोक्यो में पिछले सत्र में महिला खिलाड़ियों की संख्या कुल प्रतिभागियों का 47.8 प्रतिशत थी। म्यूनिख ओलंपिक (1972) तक महिलाओं की भागीदारी 20 प्रतिशत से भी कम थी। पेरिस खेलों का पारंपरिक समापन समारोह पुरुषों की बजाय महिलाओं की मैराथन होगी और इस आयोजन में 32 में से 28 ऐसे खेल हैं जिसमें पुरुष और महिला दोनों भाग लेंगे।

# भारत के युवा ओलंपियन भी मेडल के दावेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक के करीब आने के साथ ही भारत में मेडल के दावेदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। नीरज चोपड़ा, सात्विक-चिराग, मीराबाई चानू और निकहत जरीन जैसे नाम तो आपने कई बार सुने होंगे, जो पहले से ही बड़ी ताकत के रूप में स्थापित हैं और अपने-अपने खेल में मेडल के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन इस दल में ऐसे एथलीट भी हैं जो भारतीय खेल इतिहास में भविष्य की बड़ी ताकत हैं।

चलिए एक नजर कुछ उन युवा ओलंपियन पर डालते हैं, जो पहली बार खेल के इस महाकुंभ में भाग ले रहे हैं लेकिन दिग्गजों को पछाड़ने का माद्दा रखते हैं।

### धिनिधि देसिंघु (तैराकी)



14 वर्षीय तैराक धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की सबसे युवा एथलीट के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। इस साल अच्छे प्रदर्शन के बाद वह शीर्ष रैंक वाली भारतीय महिला तैराक भी हैं। वह ओलंपिक में 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भाग लेंगी।

### अंतिम पंघाल (कुश्ती)



अपने नाम पर पहले से ही ढेरों पुरस्कार जीत चुकी अंतिम पंघाल इस लिस्ट में सबसे चर्चित एथलीट हैं। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन पहलवान और एशियाई खेलों, एशियाई चैंपियनशिप और सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की पदक विजेता पंघाल को देखकर ऐसा लगता है कि वह दशकों से अपने हुनर में माहिर हैं, लेकिन सच तो यह है कि वह अभी सिर्फ 19 साल की हैं।

### श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस)



टेबल टेनिस को फॉलो करने वाले लोगों के लिए यह एक जाना-पहचाना नाम है। अकुला पेरिस से टेबल टेनिस में पहला ओलंपिक पदक लाने की शीर्ष संभावनाओं में से एक हैं। भारत की नंबर-1 रैंक वाली पैडलर के लिए ओलंपिक से पहले 8 महीने काफी शानदार रहे हैं। वह फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 टूर्नामेंट में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीटी टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, फिर एक शीर्ष चीनी खिलाड़ी को हराया और एक और डब्ल्यूटीटी खिताब अपने नाम किया। वह शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं।

### सिफ्त कौर समरा (निशानेबाजी)



इस ओलंपिक में पहली बार भाग लेने वाली समरा शूटिंग में भारत की पदक की उम्मीदों में से एक होंगी। एशियाई खेलों की मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पी में विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर पेरिस में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगी।

# एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना सफलता का सूत्र : दीप्ति शर्मा

**एजेंसी, दांबुला**




सीनियर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला टी-20 एशिया कप में भारतीय टीम का सफलता का सूत्र एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि जब टीम पिछली बार यहां खेली थी, तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है। भारत ने ग्रुप-ए के अंतिम मैच में मंगलवार को नेपाल को 82 रन से करारी शिकस्त दीजिए।

इस मैच में शेफाली वर्मा ने 48 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी, जबकि दीप्ति ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 178 रन बनाए और इसके बाद नेपाल को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन पर रोक दिया था। दीप्ति ने कहा,''हम पहले मैच से ही प्रत्येक मैच और प्रत्येक परिस्थिति को लेकर काफी आश्वस्त हैं। अब हमारी निगाह सेमीफाइनल पर है।'' भारतीय टीम इससे पहले जून 2022 में यहां खेली थी और दीप्ति ने कहा कि तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने कहा,''कुछ भी नहीं बदला है। हमने इसे सरल बनाए रखा है और हमारा ध्यान केवल अगले मैच पर केंद्रित रहता है। मैं पिछली बार भी यहां खेली थी और तब से कोई बदलाव नहीं आया है। हमें खुद पर भरोसा है और परिस्थितियां पहले जैसी हैं।''

इस ऑफ स्पिनर ने अभी तक तीन मैच में 8 विकेट लिए हैं और उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहती हैं।

## टेस्ट क्रिकेट पर ओली पोप का दावा

# एक दिन में 600 रन बना सकती है इंग्लैंड की टीम

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली 'बैजबॉल' से पीछे हट रहे हैं।



रिकॉर्ड : 1936 में इंग्लैंड टीम ने 588 रन बनाए थे

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है।

पोप ने कहा, ''कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा।'' इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की सीरीज में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखे हैं।

पोप ने 'बैजबॉल' रणनीति के बारे में कहा,'' ट्रेंटब्रिज में पहले दिन मुझसे पूछा गया था क्या आपको इस तरह खेलने के लिए कहा जाता है। नहीं, हमें ऐसा नहीं कहा जाता। यह हमारा स्वाभाविक खेल है और हम इसे खेलने के तरीके अपनाते हैं।''

## विश्व जूनियर स्क्वाश

### भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर रही

**नई दिल्ली।** अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में भारत पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहा।

भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए।

महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

# भड़ेच स्कूल ने जिला स्तरीय ताइक्वांडो में जीते 11 पदक




**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जुन्गा से सटे राजकीय उच्च पिद्यालय भड़ेच के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, 9 रजत और एक कांस्य पदक जीता।

शारीरिक शिक्षक सुखदेव ने बताया कि सूर्यांश ने 36 किग्रा में स्वर्ण पदक, आदित्य ने 23 किग्रा में रजत, अभय ने 29 किग्रा में रजत, आयुष ने 30 किग्रा में रजत, अक्षत ने 30 किग्रा में कांस्य, दीक्षित ने 36 किग्रा में रजत, शिवम ने 40 किग्रा में रजत, सक्षम ने 45 किग्रा रजत, पार्थ ने 50 किग्रा में रजत, आर्यन ने 54 किग्रा में रजत पदक, तरुण ने 55 किग्रा में रजत पदक जीते।

## शीतकालीन ओलंपिक

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी सौंपी

**एजेंसी, पेरिस**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है।



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्तूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के अंतराल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा।

## ओलंपिक : ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में आस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।



उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। उन्होंने कहा, ''हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे 'प्रोटोकॉल' का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। ''

'प्रोटोकॉल' में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

## श्रीलंका दौरा

### अभिषेक नायर और नीदरलैंड के रयान टेन डोशेट कोचिंग स्टाफ का हिस्सा

# गंभीर की देखरेख में भारतीय टीम ने शुरू किया अभ्यास

**एजेंसी, पाल्लेकल**







नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की देख-रेख में भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले यहां अपने शुरुआती अभ्यास सत्र में मैदान पर उतरी। दिग्गज राहुल द्रविड़ की जगह कोच बने गंभीर ने मैदान पर टीम का नेतृत्व किया और अभ्यास सत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान खिलाड़ियों ने हलका अभ्यास किया, जिसमें क्षेत्ररक्षण अभ्यास, दौड़ने और गेंद को पकड़ने का अभ्यास शामिल था। इस दौरान टीम के खिलाड़ी टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ बातचीत करते देखे गए। गंभीर ने बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे संजू सैमसन के साथ बातचीत करने के बाद मैदान पर हरफनमौला शिवम दुबे के साथ समय बिताया।

भारत के पूर्व हरफनमौला अभिषेक नायर और नीदरलैंड के बल्लेबाज रयान टेन डोशेट श्रीलंका दौरे के लिए गंभीर के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। इन तीनों ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2024 खिताब दिलाने के लिए सहयोग किया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनका पहला कार्य 27 जुलाई को टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के साथ शुरू होगा, जिसके बाद तीन वनडे मैच होंगे।

द्रविड़ के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप टीम के साथ बने हुए है। इसके अतिरिक्त बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से जुड़े साईराज बहुतुले इस दौरे में अंतरिम गेंदबाजी कोच के रूप में काम करेंगे।

### भारत का श्रीलंका दौरा

| | |
|---|---|
| पहला टी-20 | 27 जुलाई |
| दूसरा टी-20 | 28 जुलाई |
| तीसरा टी-20 | 30 जुलाई |
| पहला वनडे | 02 अगस्त |
| दूसरा वनडे | 04 अगस्त |
| तीसरा वनडे | 07 अगस्त |

टी-20 सीरीज 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे

### भारत का पलड़ा भारी



**भारत** और श्रीलंका के बीच पहला टी-20 2009 में खेला गया था, तब से लेकर अब तक 29 बार ये दोनों टीमें इस फॉर्मेट में आमने सामने आई हैं। इसमें से 19 मुकाबले भारतीय टीम, तो श्रीलंका ने 9 मैच जीते हैं। एक मैच का कोई परिणाम नहीं आ सका है।

